रांची, रविवार, 6 अक्टूबर 2024

संवत 2081, आश्विन शुक्ल 4 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-8, अंक 32 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक





4 ▶▶ मां दुर्गा के रूपों की व्रत कथा

शहनाज गिल सिर्द्धात शुक्ला के लिए कबलू की अपनी फीलिंग ◀◀ 6




# दुर्गा पूजा 2024: लोगों की सुरक्षा के लिए चप्पे-चप्पे पर रहेगी पुलिस की नजर

मेट्रो रेज

**रांची:** झारखंड में दुर्गा पूजा लेकर सभी जिलों में सुरक्षा बलों की तैनाती कर दी गई है. पुलिस मुख्यालय ने सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था करने के लिए झारखंड के 24 जिलों में करीब 10 हजार अतिरिक्त पुलिस बल प्रदान किए हैं. रांची, हजारीबाग और जमशेदपुर में बम निरोधक दस्ते की टीम को भी तैनात किया गया है. सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को मुख्यालय के द्वारा निर्देश दिया गया है कि वह शहर की निगरानी के लिए इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस पर विशेष फोकस करें।

**कहां कितने बल**

पुलिस मुख्यालय के स्तर से झारखंड के सभी 24 जिलों में पर्व त्योहारों को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं. सभी जिलों को पर्याप्त बल उपलब्ध करवा दिया गया है. जिले के एसपी मुख्यालय के द्वारा उपलब्ध करवाए गए बलों की ब्रीफिंग कर सुरक्षा के लिए उनका योगदान सुनिश्चित करवा रहे हैं. झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि पूरे राज्य में दुर्गा पूजा के दौरान सुरक्षा को लेकर विशेष तैयारियां की गई हैं. फोर्स की तैनाती के साथ साथ अग्निशमन विभाग, एनडीआरएफ, एसडीएस और एंबुलेंस सिस्टम को भी पूरी तरह से अलर्ट पर रखा गया है।

**इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस पर विशेष फोकस**

दुर्गा पूजा के दौरान सीसीटीवी कैमरे पुलिस की बड़ी मदद करते हैं. चूकीं दुर्गा पूजा के दौरान पूरे आठ दिनों तक पुलिस को बहुत ज्यादा मैनपावर की जरूरत होती है. भीड़ को संभालने, मनचलों पर नकेल कसने, ट्रैफिक व्यस्था को संभालने के साथ-साथ खाली घरों को कहीं चोर निशाना बना लें इसके लिए पुलिस को बेहद सतर्क रहना पड़ता है. ऐसे में सीसीटीवी कैमरे पुलिस के लिए बेहद मददगार साबित होते हैं। यही वजह है कि सुरक्षा के लिए इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस पर विशेष फोकस किया गया है। शहरों की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरा की संख्या बढ़ाई जा रही है. वर्तमान समय में राजधानी रांची में सरकारी 600 कैमरे कम कर रहे हैं. इसके अलावा विभिन्न प्रतिष्ठानों में लगे कैमरों का फीड भी कंट्रोल रूम से जोड़ा जा रहा है ताकि शहर के अधिकांश चौक चौराहे तीसरी आंख की जद में आ जाए।



## इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस पर विशेष फोकस

**हर पंडाल में सीसीटीवी कैमरा**

पुलिस के द्वारा सभी पूजा समितियां को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वह पंचमी से पहले पूरे पूजा पंडाल को सीसीटीवी कैमरा की निगरानी में रखने का काम पूरा कर लें। खासकर इन और आउट में बेहतर कैमरे लगाने का निर्देश पूजा समितियां को दिया गया है. सभी पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं या नहीं इसकी जांच के लिए थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया है। शहर और ग्रामीण क्षेत्र के सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाले पूजा पंडालों का विजिट कर बाकायदा, सीसीटीवी को चेक करेंगे. यह भी थाना प्रभारी ही तय करेंगे कि सीसीटीवी का डीवीआर में बैकअप बढ़िया हो।

**दुर्गा पूजा से लेकर छठ तक तैनाती**

दुर्गा पूजा से लेकर महापर्व छठ तक अतिरिक्त सुरक्षा बल जिलों में तैनात रहेंगे. पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार 5030 लाठी बल, आरएपी छह बटालियन, 04 पार्टी आंसू गैस दस्ता, बम निरोधक दस्ते की तीन टीम, 4975 होमगार्ड, सीआरपीएफ की एक बटालियन, एसएसबी की पांच बटालियन के साथ-साथ सभी रेंज डीआईजी के नियंत्रण में 580 जवानों की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है।

**कहां कितनी तैनाती**

राजधानी रांची में सबसे ज्यादा अतिरिक्त पुलिस बल मुख्यालय के द्वारा दिया गया है. रांची में लगभग 200 अतिरिक्त तैनाती की गई है, जिसमें 400 होमगार्ड के अलावा दो कंपनी आरएपी, एक बीडीएस की टीम और एक टियर गैस टीम भी शामिल है. इसके अलावा संवेदनशील माने जाने वाले हजारीबाग, जमशेदपुर और गिरिडीह जिले में भी एक-एक कंपनी आरएपी, बीडीएस और टियर गैस प्रदान किया गया है. इसके अलावा सभी रेंज डीआईजी को 100-100 अतिरिक्त पुलिस प्रदान किए गए हैं, यह बल रिजर्व में रहेंगे. रेंज डीआईजी जरूरत के अनुसार अपने जिलों में इनका प्रयोग कर सकेंगे।

**सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को जारी किया गया निर्देश**

पुलिस मुख्यालय की तरफ से झारखंड के सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को भी अलर्ट जारी किया गया है सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया गया है कि वह विधि व्यवस्था के दृष्टिकोण से विशेष रूप से अपने-अपने जिलों में निगरानी रखने का काम करेंगे ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना नहीं घटे. वही सोशल साइट्स पर विशेष निगरानी रखने की हिदायत सभी जिलों को दी गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### चान्हो में बच्ची के साथ दुष्कर्म , आरोपी गिरफ्तार

**चान्हो :** थाना क्षेत्र में शनिवार को इंसानियत को शर्मशार करनेवाली घटना हुई। तीन साल की मासूम बच्ची से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना शाम करीब पांच बजे की है। मामले की जानकारी मिलने के बाद चान्हो पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी अनुप उरांव 21वर्ष को गिरफ्तार कर लिया है। बच्ची की हालत गंभीर है। उसे इलाज के लिए रिम्स रांची में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि बच्ची शाम को अपने भाई के साथ घर के समीप खेल रही थी। इसी बीच अनुप वहां पहुंचा और बच्ची को केला खिलाने का लालच देकर उसे गोद में उठाकर घर से कुछ दूर मडुआ खेत में ले जाकर दुष्कर्म किया। अनुप को बच्ची को खेत की तरफ ले जाते हुए उसकी दादी ने देखा था। वह जब वहां पहुंची तो देखा कि बच्ची खेत में खून से लथपथ पड़ी थी। उन्होंने बच्ची को घर लाया और उससे पूछताछ की। बच्ची ने घटना की पूरी जानकारी उन्हें दी। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी और बच्ची की हालत देख परिजन उसे चान्हो अस्पताल ले गये। जहां चिकित्सक ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रांची रेफर कर दिया।

### मांडर में बिजली बिल माफी प्रमाण पत्र वितरण कैंप का आयोजन



**मांडर:** मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना के तहत मांडर प्रखंड के मुडमा मैदान में शुक्रवार को बिजली बिल माफी प्रमाण पत्र वितरण हेतु एक विशेष कैंप का आयोजन किया गया। मांडर विद्युत कार्यालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न गांवों के 100 कनेक्शन धारकों को बिजली बिल माफी के प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर प्रमुख अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। एसडीओ राजेश बिरुवा और जेई आशीष कुमार मुंडा ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया, जबकि अल्पसंख्यक जिला कांग्रेस के अध्यक्ष शमीम अख्तर, विधायक प्रतिनिधि आबिद अंसारी, और विकास द्वेदी, कृष्णा महतो सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कैंप में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लिया, जिन्होंने योजना के अंतर्गत बिजली बिल माफी का लाभ उठाया। यह योजना राज्य सरकार की पहल है, जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को बिजली बिल से राहत प्रदान करना है। ग्रामीणों ने सरकार की इस पहल की सराहना की और उम्मीद जताई कि आगे भी इस तरह की योजनाएं उनकी समस्याओं का समाधान करने में मदद करेंगी।

### प्रधानमंत्री आवास के लिए दर-दर भटक रही गरीब महिला



**रांची :** झारखंड के कोडरमा जिले के नगर पंचायत डोमचांच अंतर्गत वार्ड नंबर 01 के कोठीयाराबर निवासी ललिता देवी टूटे हुए मिट्टी मकान में रहने को मजबूर है. बता दे की ललिता देवी का माता- पिता 7 साल पहले गुजर चुके हैं. उनके घर में वर्तमान में दो भाई और एक बहन है जो की दोनों भाई मजदूरी के साथ पढ़ाई भी कर रहे है. और बहन घर तरफ ही कुछ काम करती है और उसी से परिवारों का पालन पोषण होता है. जो की बता दे टूटे हुए मिट्टी के घर में प्लास्टिक के सहारे गुजर बसर कर रहे है। कई बार गृहस्वामी ललिता देवी ने सरकारी सिस्टम के आगे हाथ फैलाकर प्रधानमंत्री आवास का लाभ लेने की प्रयास भी किया लेकिन खराब सिस्टम के वजह से सरकारी आवास निवर्तमान वार्ड पार्षद के उदासीनता के कारण लाभ अब तक नहीं मिला पाया। कई बार पीएम आवास का आवेदन नगर पंचायत कार्यालय भी दिया. हैरानी की बात यह है कि डीसी के पास भी आवास का फरियाद लगाई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुआ जो की बता दें भाई कुंदन राम बताया कि हम पढ़ाई करते हैं अभी पढ़ाई जारी हैं. और जब की बारिश होती है तो मेरे टूटी हुई मिट्टी घर में पानी टपकने लगता है। कई बार कॉलोनी का फॉर्म भरे थे लेकिन कुछ नहीं हुआ अभी तक 5 सालों से हम लोग जैसे तैसे रह रहे हैं।

## बेहतर स्वास्थ्य सेवा का दावा खोखला, स्वास्थ्य केंद्र व वेलनेस सेंटर बना है शोभा की वस्तु

### मरीज निजी अस्पताल जाने को विवश, हो रहे आर्थिक दोहन का शिकार

**सिल्ली :** स्वास्थ्य के क्षेत्र में कोई लाख दावा करें लेकिन हकीकत इसके विपरीत है लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के नाम पर जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा से करोड़ों रूपए खर्च कर गांवों में स्वास्थ्य केंद्र उप स्वास्थ्य केंद्र एंव हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बनाया गया है और कहीं कहीं बन भी रहा है लेकिन इन स्वास्थ्य केंद्रों  लाभ लोगों को मिलता नजर नही आ रहा है। कोंचो पंचायत के कोंचो गांव में करीब 8-9 पूर्व बना दो मंजिले स्वास्थ्य केंद्र ग्रामीणों ने बताया कभी खुला ही नही, मजे की बात है कि इस पंचायत में नेता से लेकर राजनेता लोग रहते है लेकिन इसके प्रति कोई संवेदनशील नहीं है। लोवादाग पंचायत के लोवादाग, गोड़ाडीह पंचायत के नवाडीह बंता हजाम दक्षिणी पंचायत के झाबरी में बना हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर गांव में शोभा का वस्तु बना है। इसके अलावे अन्य कई पंचायत में भी बना स्वास्थ्य सेंटरों की स्तिथि कमोवेश ऐसा ही है। स्वास्थ्य सेंटर में लोग घरेलू  सामान, लकड़ी मवेशी बकरी आदि रखने में उपयोग करते है। ग्रामीण कहते है शिलान्यास के दौरान स्वास्थ सेवा को लेकर बड़ी बड़ी बातें कही जाती है और भवन बन जाने के बाद कोई देखने तक नही आता है। मामूली बीमारी का इलाज के लिए गांव के गरीब गुरबे लोग निजी अस्पताल में जाते हैं जहां आर्थिक दोहन का शिकार होते हैं।



### रूडसेट संस्थान सिल्ली में कमर्शियल हॉर्टिकल्चर प्रशिक्षण कार्यक्रम

**मुरी :** धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 13 दिवसीय कमर्शियल हॉर्टिकल्चर प्रशिक्षण कार्यक्रम का उदघाटन समारोह दीप प्रज्वलित कर, मुख्य अतिथि जितेन बराईक सिल्ली प्रमुख, बुधराम महतो समाज सेवी, निदेशक संजीत कुमार के द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य के विभिन प्रखंड से आए 32 प्रशिक्षणाथीयों ने भाग लिया। मुख्य अथिति ने यह संदेश दिया की आप सभी लोग पैसा कमाने के लिए परेशान रहीए। प्रशिक्षण के बाद आप अपना स्वरोजगार बेहतर तरीका से करे। रुडसेट संस्थान के निदेशक संजीत कुमार ने यह संदेश दिया कि आप अपने जीवन को कैसे बेहर बना सकते है।आप अपना कार्य ईमानदारी और आत्मविश्वास के साथ करे। मौके पर वरिष्ट संकाय अनिल कुमार, दशरथ कुमार महतो,  महेश रोहिदास, सुनील कुमार महतो उपस्थिति रहे।

## फेडरेशन ऑफ ऑल व्यापार संगठन की टीम ने किया अपर बाजार का दौरा

### पेपर मार्केट, रंगरेज गली के दुकानदारों की समस्याएं सुनी



मेट्रो रेज

**रांची:** फेडरेशन ऑफ ऑल व्यापार संगठन के पदाधिकारियों की टीम ने अध्यक्ष दीपेश कुमार निराला की अध्यक्षता में राजधानी रांची का सबसे बड़े व्यावसायिक क्षेत्र अपर बाजार क्षेत्र का दौरा किया और कई व्यापारियों से मुलाकात की और उनका हाल-चाल जाना एवं उनकी समस्याओं से रूबरू हुए। यहां के व्यापारी ट्रैफिकजाम और पार्किंग की समस्या से जूझ रहे हैं साथ ही साथ बिजली की निर्बाध आपूर्ति नहीं होने से समस्याएं और बढ़ गई हैं, चूरूवाला चौक में सड़क की स्थिति अत्यंत जर्जर है और दुर्घटनाएं हो रहे हैं। पेपर मार्केट, रंगरेज गली में रांची नगर निगम द्वारा बनाया जा रहे एक साथ 12 शौचालय निर्माण से वहां के दुकानदारों को काफी असुविधा हो रही है, जिससे स्थानीय दुकानदारों ने अपनी समस्याओं को व्यापारी संगठन के पदाधिकारी से साझा किया और समुचित मदद करने की मांग की, स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि वह यहां पर वर्षों से और कई पीढियां से दुकान लगाकर अपना परिवार का जिविकोपार्जन कर रहे हैं, जिनको वर्तमान में रांची नगर निगम की टीम ने अव्यवस्थित कर दिया है, और इन दुकानदारों को हटाने का नोटिस किया है एवं उनके दुकान के जगह पर 12 शौचालय एक साथ बनाने का निर्णय लिया है, लेकिन इनके पुनर्वास की कोई भी व्यवस्था नहीं की है और ना ही स्ट्रीट वेंडर एक्ट का अनुपालन किया जा रहा है। व्यापार संगठन के पदाधिकारी में अध्यक्ष दीपेश कुमार निराला के साथ उपाध्यक्ष उमाशंकर सिंह और रेणुका तिवारी, कोषाध्यक्ष विनोद जैन बेगवानी, लॉ एंड ऑर्डर सब-कमिटी के को-अध्यक्ष हरीश नागपाल, कमलेश संचेती,स्वरूप कुमार सेठी,विकास नहाटा,मोहित चौधरी,जाहिद  इकबाल,नितेश वर्मा,सानू वर्मा,पूनम देवी, नीमा कुमारी,सन्नी चौधरी सहित कई लोग उपस्थित थे।

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा
नए समाहरणालय भवन, ब्लॉक-ए,द्वितीय तल्ला
दूरभाष: 06525–225835 फैक्स: 225836
E-mail:- ssasimdega@yahoo.co.in

पत्रांक : आवश्यक सूचना दिनांक:

झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद, राँची के पत्रांक 3863 दिनांक 10.10.2023 के आलोक में PR.No310941 Primary Education(23-24):Dके माध्यम से प्रकाशित विज्ञापन संख्या 01/2023(समग्र) के तहत जिले में संचालित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, सिमडेगा में गैर शैक्षिणक पद यथा पूर्णकालिक लेखापाल सह कम्प्यूटर ऑपरेटर, सपोर्टस्टाफ(रात्रि प्रहरी एवं आदेशपाल) मुख्य रसोईया एवं सहायक रसोईया के स्वीकृत पदों पर संविदा आधारित चयन प्रक्रिया(PR.No310941 Primary Education(23-24):D) को उपायुक्त सह अध्यक्ष, जिला चयन समिति के आदेशानुसार रद्द किया जाता है।

नयी नियुक्ति हेतु यथाशीघ्र विज्ञापन प्रकाशित किया जायेगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी सह
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना,सिमडेगा

PR 338103 Simdega(24-25).D

Government of Jharkhand Urban Development Department
Latehar Nagar Panchayat , Latehar
e- Procurement Notice (Very Short Tenders Notice)
NIT No. - UDD/LNP/11/2024-25

Notice No. - Date –

| S.L. No. | Tender ID | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | Tender Fee | Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | UDD/LNP/11/2024-25 | नगर पंचायत लातेहार के ग्राम दुरुआ में आयुष्मान आरोग्य मंदिर भवन का निर्माण कार्य। | 3368353.00 | 67400.00 | 5000.00 | छः माह |
| 2 | Date of Publication of Tender on website | | 05.10.2024 at 12:00 AM | | | |
| 3 | Mode of Submission of bids | | E-Tendering https//:jharkhandtenders.gov.in | | | |
| 4 | Date start of submission of bids | | 06.10.2024 at 10:00 am | | | |
| 5 | Last Date/Time of submission of bids | | 26.10.2024 upto 03:00 pm | | | |
| 6 | Date of Technical & Financial Bid opening (online) | | 28.10.2024 upto 05:00 pm | | | |
| 7 | Name & Address of office inviting tender | | Executive officer Nagar Panchayat, Latehar | | | |
| 8 | Contact No. of Procurement officer | | 9308707021/ 8789131804 | | | |
| 9 | Helpline number of e-Procurement cell | | 9308707021/ 8789131804 | | | |

NOTE : Only e-Tenders will be accepted.
Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in

(Rajeev Ranjan)
Administrator cum
Executive Officer Nagar Panchayat, Latehar

PR 337962 Urban Development(24-25)D

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
मिट्टी अन्वेषण प्रमण्डल, अग्रिम योजना, पथ निर्माण विभाग
निरूपण भवन, डोरण्डा, झारखण्ड 834002

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–16/2024–25

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, मिट्टी अन्वेषण प्रमण्डल, अ० यो०, पथ निर्माण विभाग, राँची।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय :– 07.10.2024 को 10:30 बजे पूर्वा0 से 14.10.2024 को 12:30 बजे अप0 तक।
3. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 14.10.2024 को 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 14.10.2024 को 3.30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान – 1. मुख्य अभियंता (यातायात) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड अभियंत्रण प्रथम तल्ला, छात्रावास सं.–2, धुर्वा, राँची–834004
2. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, अग्रिम योजना अंचल, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची।
3. कार्यपालक अभियन्ता ,मिट्टी अन्वेषण प्रमण्डल, अ० यो०, पथ निर्माण विभाग, राँची।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान 1. मुख्य अभियंता (यातायात) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड अभियंत्रण प्रथम तल्ला, छात्रावास सं.–2, धुर्वा, राँची–834004
2. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, अग्रिम योजना अंचल, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची।
3. कार्यपालक अभियन्ता, मिट्टी अन्वेषण प्रमण्डल, अ० यो०, पथ निर्माण विभाग, राँची।
7. कार्य की विवरणी :–

| क्र० | कार्य का नाम | निविदा की राशि (रु० में) | अग्रधन की राशि (रु० में) | परिमाण–विपत्र का मूल्य (रु० में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मिट्टी अन्वेषण प्रमण्डल, अग्रिम योजना, पथ निर्माण विभाग, राँची के प्रयोगशाला– सह– गोदाम भवन का मरम्मति एवं नवीनीकरण कार्य। | 34,97,931.00 | 70,000.00 | 5,000.00 | 3 माह |

नोट – 1. निविदा की शर्तें prdjharkhand.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती हैं।
2. कार्य की प्राक्कलित राशि घटने–बढ़ने की स्थिति में, उसी के अनुरुप अग्रधन की राशि एवं विपत्र का मूल्य लिया जायेगा।
3. निर्धारित निविदा तिथि को सरकार द्वारा अवकाश घोषित होने पर निविदा आमंत्रण की तिथि अगले कार्य दिवस को होगी।

ह0/–
कार्यपालक अभियन्ता, मिट्टी अन्वेषण प्रमण्डल, अ०यो०,
पथ निर्माण विभाग, राँची

PR 338089 Road(24-25)#D

रांची, रविवार, 6 अक्टूबर 2024
संवत 2081, आश्विन शुक्ल 4 मूल्य-2 रुपये
वर्ष-8, अंक 32 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक



4 ▸▸ मां दुर्गा के रूपों की व्रत कथा
शहनाज गिल सिद्धांत शुक्ला के लिए कबलू की अपनी फीलिंग ◂◂ 6

## भारत होगा दुनिया का अगला सेमीकंडक्टर हब : केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव



**बेंगलुरु :** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव की ओर से कहा गया कि भारत दुनिया का अगला सेमीकंडक्टर हब बनने की तरफ तेजी से बढ़ रहा है, क्योंकि देश में इस सेक्टर में बड़ी संख्या में निवेश किया जा रहा है।

वैष्णव ने न्यूयॉर्क में हाल ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शीर्ष टेक सीईओ के बीच हुई राउंड टेबल बातचीत का हवाला देते हुए कहा कि इस दौरान तीन शीर्ष एग्जीक्यूटिव्स ने कहा कि ऐसा जोश हमने पिछले 35 से 40 वर्षों में इतिहास में किसी और देश में नहीं देखा है। केंद्र सरकार की ओर से अब तक 1.52 लाख करोड़ रुपये के निवेश मूल्य के पांच सेमीकंडक्टर प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। चिप उत्पादन पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अमेरिकी की माइक्रोन टेक्नोलॉजी 2025 की शुरूआत भारत में चिप का उत्पादन करना शुरू कर देगी। वहीं, सीजी पावर सेमीकंडक्टर सुविधा का कंस्ट्रक्शन चल रहा है और टाटा की ओर से असम में बनाई जा रही एटीएमपी सुविधा में भी काम तेजी से किया जा रहा है और इसका कंस्ट्रक्शन शुरू हो गया है।

इससे पहले केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत में सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री की वृद्धि से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को मजबूती मिलेगी। सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री, सभी उद्योगों का आधार है। चिप का इस्तेमाल मेडिकल डिवाइस, मोबाइल फोन, लैपटॉप, कार, ट्रक, ट्रेन , टीवी और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में किया जाता है। साथ ही कहा कि अब तक सरकार की ओर से गई सभी पहल जिसमें डिजिटल इंडिया मिशन और टेलीकॉम इंडिया मिशन शामिल हैं, उसने सामान्य नागरिकों के हाथ में टेक्नोलॉजी आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारत का सेमीकंडक्टर मार्केट 2026 तक 64 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। यह 2019 के बाजार मूल्य से करीब 3 गुना होगा। जानकारों के मुताबिक, अपनी भारत अपनी उत्पादन क्षमता को बढ़ा सेमीकंडक्टर सेक्टर में एक बड़ा खिलाड़ी बनने की तरफ बढ़ रहा है। सेमीकॉम इंडिया प्रोग्राम और इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) जैसी पहल के कारण भारत को इस क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर बाजार हिस्सेदारी हासिल करने में मदद मिलेगी। इससे बड़ी संख्या में भारत में नौकरियां भी पैदा होंगी।

## सोनपुर में डूबी महिला मोकामा में जिंदा मिली, नब्बे किलोमीटर तक गंगा की लहरों से जूझती रही

**पटना:** जाको राखे साइयां मार सके ना कोई... वाली कहावत तो सभी ने सुन रखी है, लेकिन यह कहावत एक बार फिर चरितार्थ हुई। बिहार राज्य के सोनपुर में एक डुबी हुई महिला 90 किलोमीटर तक गंगा की लहरों से जूझती रही। अंतत जिंदगी से जारी जंग में उसने जीत हासिल कर ली। महिला का नाम प्रमिला देवी (60) है। वह वैशाली जिले के सोनपुर गंगा घाट पर शुक्रवार को डूब गई थीं। लगभग चौबीस घंटे बाद वह नब्बे किलोमीटर दूर मोकामा में सही सलामत बचा ली गईं।

शुक्रवार सुबह करीब सात बजे गंगा नदी के सोनपुर घाट पर प्रमिला अपने पति के साथ आई थीं। नदी में नहाने के दौरान वह डूब गईं। पति ने भी उन्हें बचाने का काफी प्रयास किया, लेकिन वे भी डूब गए। पति-पत्नी दोनों गंगा नदी में डूबते चले गए। प्रमिला देवी किसी तरह नब्बे किलोमीटर से अधिक दूरी तक गंगा नदी की लहरों से जूझती रहीं। गंगा में तैरती हुई किसी वस्तु के सहारे वह लगातार बहती रहीं। उनको तैरना भी नहीं आता था। आखिर में पटना जिले के मोकामा स्थित मेकरा गांव के पास लोगों ने प्रमिला को बचा लिया। लेकिन इनके पति के बारे में कोई जानकारी उपलब्ध नहीं हो पाई है।

# तीन बच्चों की मां ने अपने प्रेमी का गला काटा, नवरात्र में आई थी मायके

### महिला ने कहा कि प्रेमी उसे तंग कर रहा था

**मेट्रो रेज**

**पलामू:** तीन बच्चों की मां ने अपनी प्रेमी से तंग आकर उसका गला काट दिया है। इस घटना में प्रेमी की मौके पर ही मौत हो गई है। पूरे मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए प्रेमिका को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ कर रही है।

**घटना पलामू के मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र के बीएन कॉलेज के पास की है। पुलिस के अनुसार प्रेमिका नवरात्र के दौरान अपने मायके आई हुई थी, इसी दौरान प्रेमी उसको तंग कर रहा था. जिसके बाद महिला ने अपने की गला काट कर हत्या कर दी। मृतक संजय के शव को पुलिस ने कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल भेज दिया है।**

घटना पलामू के मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र के बीएन कॉलेज के पास की है। पुलिस के अनुसार प्रेमिका नवरात्र के दौरान अपने मायके आई हुई थी, इसी दौरान प्रेमी उसको तंग कर रहा था. जिसके बाद महिला ने अपने की गला काट कर हत्या कर दी। मृतक संजय के शव को पुलिस ने कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल भेज दिया है।

टाउन थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि महिला ने बताया है कि प्रेमी उसे तंग कर रहा था जिस कारण उसकी हत्या किया है. पुलिस पूरे मामले में आगे की छानबीन कर रही है और अन्य तथ्यों को भी इकट्ठा कर रही है। महिला को हिरासत में रखा गया है।

**नवरात्र में मायके आई थी महिला, घर पर गया था प्रेमी**

पुलिस के अनुसार नवरात्र के दौरान महिला अपने मायके आई हुई थी। इसी दौरान प्रेमी संजय उसके घर पर गया हुआ था। महिला का ससुराल सदर थाना क्षेत्र में है। संजय लगातार महिला को तंग कर रहा था. इसी क्रम में महिला ने चाकू उठाकर संजय के गले पर वार कर दिया. इस घटना में संजय की मौके पर ही मौत हो गई. घटना की जानकारी मिलने के बाद मेदिनीनगर नगर टाउन थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मौका ए वारदात से ही प्रेमिका को हिरासत में लिया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।



## दिल्ली में रामलीला के मंचन के दौरान, श्री राम का किरदार निभाने वाले शख्स की हार्ट अटैक से मौत

**नई दिल्ली :** दिल्ली के शाहदरा में रामलीला का मंचन करते हुए भगवान श्री राम का किरदार निभाने वाले सुशील कौशिक का निधन हो गया। मंचन के दौरान उनके सीने में एकदम तेज दर्द और घबराहट हुई, जिसके बाद एंबुलेंस बुलाई गई। एंबुलेंस से अस्पताल ले जाते हुए रास्ते में उनकी मौत हो गई। वो 54 साल के थे।

बताया जा रहा है कि कलाकार सुशील कौशिक पेशे से प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते थे। राम लीला कमेटी में वह पिछले एक दशक से भी ज्यादा समय से जुड़े थे। घटना के समय वह भगवान श्री राम का किरदार निभा रहे थे। जब उनकी तबीयत बिगड़ी तो वह मंच से नीचे उतर गए। जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल है।



परिवार वालों का कहना है कि उनको यह नहीं मालूम था कि उनके साथ कुछ ऐसा हो सकता है।

इस घटना का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वह रामलीला मंच पर भगवान श्री राम के किरदार का मंचन कर रहे हैं और बाकायदा डॉयलाग भी बोल रहे हैं। तभी अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी। इसके बाद वह मंच से नीचे जाने लगे। जहां वह अपने सीने में दर्द और उलझन होने की बात कह रहे हैं। इसके बाद रामलीला कमेटी के अन्य लोगों ने एंबुलेंस बुलाई और उनको अस्पताल के लिए ले कर निकले।

एक अन्य वीडियो में वह स्टेज से नीचे बैठकर भजन गाते दिख रहे हैं। उनके बगल में कई अन्य लोग भी भजन गा रहे हैं। जिसके बाद उनकी तबियत खराब हुई और उन्हें अस्पताल ले जाया गया।

बता दें की अश्विन मास की प्रतिपदा से शारदीय नवरात्रि का प्रारंभ हो जाता है। विजय दशमी के साथ पर्व का समापन होता है। कामान्यता है कि इसी दिन मां दुर्गा ने दानव महिषासुर का वध किया था तो भगवान राम ने विजयादशमी के दिन ही रावण का वध किया था। इसी उपलक्ष्य में देश के विभिन्न इलाकों में रामलीला खेली जाती है। जिसमें श्रीराम के जीवन पर आधारित प्रसंगों को मंच पर प्रस्तुत किया जाता है।

## मंत्री बन्ना गुप्ता को लेकर फेक न्यूज वायरल, पुलिस करेगी कार्रवाई

**मेट्रो रेज**

**रांची :** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को लेकर एक फेक खबर सोशल मीडिया पर वायरल है। मामले को लेकर पुलिस कार्रवाई की तैयारी कर रही है. उनपर एक महिला द्वारा यौन शोषण का आरोप लगाते हुए सीटी एसपी कार्यालय में शिकायत का पत्र वायरल हुआ इसको लेकर सुबह से भ्रम की स्थिति थी। मामले में पुलिस ने बताया कि ऐसी कोई शिकायत उन्हें नहीं मिली है। इस पूरे मामले की जांच की जाएगी। पता लगाया जाएगा कि आखिर पत्र कैसे वायरल हुआ। इसके बाद पुलिस उचित कार्रवाई करेगी।



रांची के सिटी एसपी राज कुमार मेहता ने मामले को लेकर बताया कि एसपी कार्यालय में इस तरह का केस दर्ज नहीं होता है। उन्होंने कहा कि पता लगाया जा रहा है कि इस पत्र को सोर्स क्या है और यह आखिर कैसे वायरल हो रहा है।

## चेंबूर में भीषण आग लगने से एक ही परिवार के 7 लोगों की मौत

**मुंबई :** मुंबई के चेंबूर स्थित सिद्धार्थ कॉलोनी में आग लगने की घटना में एक ही परिवार के 7 लोगों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी। मरने वालों में एक बच्ची और 10 साल का एक लड़का भी शामिल हैं। यह हादसा सुबह 4:30 से 5 बजे के बीच हुआ, जब जी+2 मकान में आग लगी। इस मकान के नीचे किराने की दुकान थी, जिसके ऊपर दो मंजिला घर बना हुआ था. शॉर्ट सर्किट से आग पहले दुकान में लगी और फिर पूरे घर में फैल गई। इसके अलावा, एक और घटना में शनिवार रात भारत इंडस्ट्रियल एस्टेट की इमारत में भीषण आग लग गई। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ और बाद में आग पर काबू पा लिया गया। अधिकारी ने बताया कि आग रात 10:21 बजे सेवरी इलाके की पांच मंजिला ह्यभारत इंडस्ट्रियल एस्टेटह्ण इमारत में लगी। यह स्तर-दो (भीषण) की आग थी, जिसने इमारत की तीसरी मंजिल पर स्थित दो दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया।

## बिहार के रास्ते नेपाल गया 8 किलो सोना जब्त, दो भारतीय गिरफ्तार

**पटना :** रक्सौल बॉर्डर से करीब 60 किलो मीटर दूर रातो माटी चेक पोस्ट पर तस्करी के सोने की बड़ी खेप जब्त हुई है। नेपाल पुलिस ने इस मामले में दो भारतीय नागरिक पकड़ा है। नेपाल पुलिस ने वीरगंज काठमांडू मार्ग पर वाहन जांच के क्रम में यह बरामदगी की है। पुलिस टीम ने 8 किलो 243 ग्राम 970 मिली ग्राम सोना पकड़ा है, जिसकी कीमत 11.43 करोड़ आंकी गयी है। हाल के दिनों में सोने की तस्करी के मामले में यह बड़ी बरामदगी है। इन दिनों भारत से नेपाल में सोने की तस्करी जोर-शोर से जारी है। दीपावली और आगामी लगन को देखते हुए सोने की तस्करी तेज हो गई है।

**दोनों तस्कर महाराष्ट्र के रहनेवाले**

मिली जानकारी के अनुसार, नेपाल के मकवानपुर के हेतौड़ा स्थित रातोमाटी पुलिस चेकपोस्ट पर मकवानपुर के एसपी के नेतृत्व में गुप्त सूचना पर दशहरा-दीपावली पर तस्करी रोकने के लिए अभियान चलाया गया। एसपी विश्व राज खड़का ने बताया कि विशेष सूचना पर शनिवार की अलसुबह 3 बजे चलाए गए अभियान में सोने की खेप के साथ भारत के महाराष्ट्र के सांगली जिला, दिघंची थाना अन्तर्गत पुजारवाड़ी निवासी अभिषेक अजिनाथ कुटी (25) व राहुल भिट्टिहाल (27) को पकड़ा गया है। इनके शरीर की तलाशी में सोना बरामद हुआ है। वे शरीर के विभिन्न भाग में टेप से बांध कर सोने के बिस्किट ला रहे थे।

**हांगकांग में बैठे आका से होती रही दोनों की बात**

एसपी विश्वराज खड़का ने जांच के बाद खुलासा किया है कि दोनों बिहार के रास्ते मधेश प्रदेश की राजधानी जनकपुर आए और वहां से यात्री बस से बारा जिले के पथलैया पहुंचे। इसके बाद वे सोने की खेप के साथ स्कूटी पर हेतौडा की ओर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक अनुसंधान में सामने आया है कि दोनों काठमांडू की गौशाला में सोने की खेप की डिलिवरी करने जा रहे थे। जांच में सामने आया है कि इससे पहले भी वे 2 किलो सोना काठमांडू पहुंचा चुके हैं। उनके तार हांगकांग से जुड़े हुए हैं और वहां बैठे सिंडिकेट चीफ से उनकी डायरेक्ट बात होने की आशंका है।

# चेन्नई के आसमान में राफेल और सुखोई ने दिखाई ताकत

### वायुसेना के एयर शो में दिखा अद्भुत नजारा



**चेन्नई :** अपनी 92वीं वर्षगांठ मनाने के लिए भारतीय वायु सेना ने आज तमिलनाडु के चेन्नई मरीना एयरफील्ड में एक एयर एडवेंचर शो का आयोजन किया। 21 सालों में पहली बार चेन्नई ने वायुसेना दिवस समारोह की मेजबानी की। इस बार यह समारोह पहले से कहीं ज्यादा भव्य हो रहा है। इस मौके पर मरीना बीच पर एक शानदार एयर शो के साथ भारतीय वायुसेना लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराने की भी कोशिश की जाएगी।

**भारतीय वायुसेना के 72 जहाजों ने उड़ान भरी**

वायुसेना के मुताबिक, मरीना बीच पर होने वाले भव्य एयर शो में हिस्सा के लेने के लिए सुलूर, तंजावुर, तांबरम, अरक्कोणम और बेंगलुरु से भारतीय वायुसेना के 72 जहाज उड़ान भरी, जो पूर्वी तट पर मिलेंगे। इस एयर शो में भारत का गौरव कहे जाने वाला स्वदेश में बना लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस के साथ-साथ राफेल, मिग-29 और सुखोई-30 एमकेआई जैसे अत्याधुनिक फाइटरजेट भी फ्लाईपास्ट में हिस्सा बने। इसके अलावा सूर्य किरण एरोबेटिक्स टीम और सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम ने भी अपने हवाई करतब दिखाए। साथ ही, लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर प्रचंड और एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर ध्रुव एमके4 ने भी हिस्सा लिया। इसके अलावा नौसेना के पी8आई और विंटेज डकोटा भी फ्लाईपास्ट में शामिल हुए।

**आज लिम्का रिकॉर्ड बनाएगी वायुसेना**

भारतीय वायुसेना आज चेन्नई के मरीना बीच पर लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी अपना नाम दर्ज कराने की कोशिश करेगी। सुबह 11 बजे से शुरू होने वाले दो घंटे के एयरशो में लगभग 15 लाख दर्शकों के शामिल होने की उम्मीद है। ऐसे में वायुसेना को उम्मीद है कि एयरशो में इतनी बड़ी संख्या में दर्शकों के हिस्सा लेने से लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी नाम दर्ज कराकर इतिहास बनेगा। इस कार्यक्रम में एयर एक्सरसाइज के अलावा सागर, आकाश, एरोहेड, त्रिशूल, रुद्र और ध्वज जैसी फॉरमेशंस भी दिखाई जाएंगी।

पिछले कुछ सालों से भारतीय वायुसेना अलग-अलग शहरों में वायुसेना दिवस समारोह आयोजित कर रही है। पिछले साल प्रयागराज में और उससे पिछले साल चंडीगढ़ में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस साल चेन्नई में कार्यक्रम आयोजित करने के पीछे वायुसेना की कोशिश है कि शो को जनता के करीब लाया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग देश की हवाई क्षमताओं के साक्षी बनें।

**चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का हवाई क्षेत्र रहेगा बंद**

एयरशो की तैयारी के लिए, चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का हवाई क्षेत्र (टअअ) आठ अक्तूबर तक बीच-बीच में कुछ समय के लिए 15 मिनट से लेकर दो घंटे तक के लिए बंद रहेगा। इस दौरान कोई भी नागरिक विमान न तो लैंड करेगा और न ही टैक ऑफ करेगा। सबसे लंबे वक्त के लिए आज एयरशो के दिन, सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक के लिए हवाई क्षेत्र बंद रहेगा।

## इजरायल का मस्जिद पर बर्बर हमला भीषण बमबारी में 18 की मौत



**इजरायल :** गाजा पर इजरायल के हमले अभी भी जारी हैं. रविवार की सुबह एक मस्जिद पर की गई भीषण बमबारी में 18 से अधिक लोगों के मारे जाने की जानकारी मिली है, जैसा कि फिलिस्तीनी समाचार एजेंसी वफा ने बताया. इस हमले में कई लोग घायल भी हुए हैं, जबकि इजरायल का कहना है कि यह हमला हमास के कमांड सेंटर पर किया गया था. आपको यह भी बताना जरूरी है कि पिछले साल 7 अक्तूबर से दोनों देशों के बीच युद्ध चल रहा है। इस संघर्ष की पहली बरसी से ठीक पहले मध्य गाजा पट्टी के डेर अल-बला में अल-अक्सा अस्पताल के निकट स्थित मस्जिद पर यह हमला किया गया. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हताहतों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि मस्जिद का इस्तेमाल विस्थापित लोगों के आश्रय के रूप में किया जा रहा था। इजरायली सेना ने एक बयान में कहा कि उसने हमास के आतंकवादियों पर एक सटीक हमला किया है. ये आतंकवादी डेर अल बलाह के क्षेत्र में शुहादा अल-अक्सा मस्जिद के रूप में काम करने वाली एक संरचना में स्थित कमांड और कंट्रोल सेंटर के भीतर सक्रिय थे. इससे पहले, हमास की सशस्त्र शाखा अल-कस्साम ब्रिगेड ने वेस्ट बैंक के तुलकरम शहर पर एक इजरायली हमले में अपने एक प्रमुख कमांडर जही यासर अब्द अल-रजेक औफी सहित सात अन्य लड़ाकों की मौत की पुष्टि की थी. हमास ने एक बयान में कहा कि इजरायल को अपने आपराधिक कार्यों की कीमत चुकानी होगी।

इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने गुरुवार रात घोषणा की थी कि उसने हमास नेटवर्क के प्रमुख कमांडर औफी को मार गिराया है. आईडीएफ के बयान में बताया गया कि औफी ने 02 सितंबर को अटेरेट में कार बम विस्फोट की योजना बनाई और उसे अंजाम दिया। फिलिस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि गुरुवार को वेस्ट बैंक में तुलकरम शरणार्थी शिविर पर किए गए एक इजरायली हवाई हमले में कम से कम 18 फिलिस्तीनी मारे गए और कई अन्य घायल हुए. आपको यह भी जानकारी होनी चाहिए कि इजरायली-फिलिस्तीनी संघर्ष की शुरूआत में 1200 लोग मारे गए थे और लगभग 250 लोगों को बंधक बना लिया गया था।



# दुर्गोत्सव

**नवदुर्गा सनातन धर्म में भगवती माता दुर्गा जिन्हे आदिशक्ति जगत जननी जगदम्बा भी कहा जाता है, भगवती के नौ मुख्य रूप है जिनकी विशेष पूजा व साधना नवरात्रि के दौरान और वैसे भी विशेष रूप से करी जाती है। इन नवों/नौ दुर्गा देवियों को पापों की विनाशिनी कहा जाता है, हर देवी के अलग अलग वाहन हैं, अस्त्र शस्त्र हैं परन्तु यह सब एक हैं और सभी परम भगवती दुर्गा जी से ही प्रकट होती है।**

## मां दुर्गा के रूपों की व्रत कथा

शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ 3 अक्टूबर, दिन गुरुवार से हो रहा है। ऐसे में मान्यता है कि इन नौ दिनों में मां दुर्गा की आराधना के साथ-साथ उनकी कथा को पढ़ने या सुनने से व्यक्ति को उसके कष्टों से मुक्ति मिल जाती है। शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ आज यानी 3 अक्टूबर से हो चुका है। नवरात्रि के नौ दिनों में माता के नौ अलग-अलग स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाती है। ऐसे में मान्यता है कि इन दिनों में माता रानी की आराधना के साथ-साथ कथा को पढ़ने और सुनने से व्यक्ति के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं।ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स से आइये जानते हैं नवरात्रि में मां दुर्गा की व्रत कथा के बारे में विस्तार से।

**नवरात्रि की व्रत कथा**

पीठत नाम के मनोहर नगर में एक अनाथ नाम का ब्राह्मण रहता था। वह भगवती दुर्गा का भक्त था। उसके सम्पूर्ण सद्गुणों से युक्त मानों ब्रह्मा की सबसे पहली रचना हो ऐसी यथार्थ नाम वाली सुमति नाम की एक अत्यन्त सुन्दर कन्या पैदा हुई। वह कन्या सुमति अपने घर के बालकपन में अपनी सहेलियों के साथ क्रीड़ा करती हुए इस प्रकार बढ़ने लगी जैसे शुक्ल पक्ष में चन्द्रमा की कला बढ़ती है। उसका पिता प्रतिदिन मां दुर्गा की पूजा और होम किया करता था। उस समय वह भी नियम से वहां उपस्थित होती थी। एक दिन वह सुमति अपनी सखियों के साथ खेलने लग गई और भगवती के पूजन में उपस्थित नहीं हुई। उसके पिता को पुत्री की ऐसी असावधानी देखकर क्रोध आया और क्रोध में आकर पुत्री का विवाह किसी कुष्ठी से कर देने की बात कह डाली। पिता वचन सुन सुमति बहुत दुखी हुई। सुमति ने पिता का मान रखा और किसी भी कुष्ठ रोगी से विवाह के लिए तैयार हो गई, लेकिन इससे ब्राह्मण को और भी क्रोध आ गया क्योंकि उसने देखा कि उसकी पुत्री के मन में ज़रा भी भय नहीं था। ब्राह्मण ने सुमति का विवाह एक कुष्ठी के साथ करा दिया। सुमति को अपने भाग्य पर बहुत रोना आया परंतु वह कुछ नहीं कर सकती थी अब। लिहाजा अपने कुष्ठ पति के साथ वह गांव छोड़ वन में चली गई। वन में अपने भाग्य को कोसती हुई वह बार बार माता भगवती यानी कि मन दुर्गा को पुकारने लगी कि तभी मां दुर्गा वहां प्रकट हो गईं। सुमति ने मां दुर्गा से पूछा कि बिना किसी तपस्या के वह सुमति के सामने कैसे आईं तब सुमति को मां दुर्गा ने बताया पिछले जन्म की तपस्या का वरदान वह इस जन्म में देनी आई हैं। माता रानी ने सुमति को वरदान मांगने के लिए कहा और उसे मनवांछित फल देने का वचन दिया। सुमति ने मां दुर्गा से अपने पिछले जन्म के बारे में जानने की इच्छा जताई जिसके बाद माता रानी ने सुमति को बताया कि वह पिछले जन्म में एक भील की पत्नी थी। दोनों भील पति-पत्नी पवित्र मन के साथ सभी सहायता करते थे, लेकिन एक बार भुकमरी के चलते सुमति के पूर्व जन्म के पति ने राजा के घर में चोरी कर ली थी।




दुर्गाजी पहले स्वरूप में 'शैलपुत्री' के नाम से जानी जाती हैं। ये ही नवदुर्गाओं में प्रथम दुर्गा हैं। पर्वतराज हिमालय के घर पुत्री रूप में उत्पन्न होने के कारण इनका नाम 'शैलपुत्री' पड़ा। नवरात्र पूजन में प्रथम दिवस इन्हीं की पूजा और उपासना की जाती है। इनका वाहन वृषभ है, इसलिए यह देवी वृषारूढ़ा के नाम से भी जानी जाती हैं। इस देवी ने दाएँ हाथ में त्रिशूल धारण कर रखा है और बाएँ हाथ में कमल सुशोभित है। यही सती के नाम से भी जानी जाती हैं।




नवरात्र पर्व के दूसरे दिन माँ ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना की जाती है। साधक इस दिन अपने मन को माँ के चरणों में लगाते हैं। ब्रह्म का अर्थ है तपस्या और चारिणी यानी आचरण करने वाली। इस प्रकार ब्रह्मचारिणी का अर्थ हुआ तप का आचरण करने वाली। भगवान शंकर को पति रूप में प्राप्त करने के लिए घोर तपस्या की थी। इस कठिन तपस्या के कारण इस देवी को तपश्चारिणी अर्थात् ब्रह्मचारिणी नाम से अभिहित किया। कहते है माँ ब्रह्मचारिणी देवी की कृपा से सर्वसिद्धि प्राप्त होती है।




माँ दुर्गाजी की तीसरी शक्ति का नाम चंद्रघंटा है। नवरात्रि उपासना में तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व है और इस दिन इन्हीं के विग्रह का पूजन-आराधन किया जाता है। इस दिन साधक का मन 'मणिपूर' चक्र में प्रविष्ट होता है। ।इस देवी की कृपा से साधक को अलौकिक वस्तुओं के दर्शन होते हैं। दिव्य सुगन्धियों का अनुभव होता है और कई तरह की ध्वनियाँ सुनाई देने लगती हैं।




नवरात्र-पूजन के चौथे दिन कूष्माण्डा देवी के स्वरूप की ही उपासना की जाती है। इस दिन साधक का मन 'अनाहत' चक्र में अवस्थित होता है। नवरात्रि में चौथे दिन देवी को कुष्माण्डा के रूप में पूजा जाता है। अपनी मन्द, हल्की हँसी के द्वारा अण्ड यानी ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इस देवी को कुष्माण्डा नाम से अभिहित किया गया है।




नवरात्रि का पाँचवाँ दिन स्कंदमाता की उपासना का दिन होता है। मोक्ष के द्वार खोलने वाली माता परम सुखदायी हैं। माँ अपने भक्तों की समस्त इच्छाओं की पूर्ति करती हैं। इस देवी की चार भुजाएँ हैं। यह दायीं तरफ की ऊपर वाली भुजा से स्कन्द को गोद में पकड़े हुए हैं। नीचे वाली भुजा में कमल का पुष्प है। बायीं तरफ ऊपर वाली भुजा में वरदमुद्रा में हैं और नीचे वाली भुजा में कमल पुष्प है।




माँ दुर्गा के छठे स्वरूप का नाम कात्यायनी है। उस दिन साधक का मन 'आज्ञा' चक्र में स्थित होता है। योगसाधना में इस आज्ञा चक्र का अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान है। नवरात्रि में छठे दिन माँ कात्यायनी की पूजा की जाती है। **मान्यता :** इनकी उपासना और आराधना से भक्तों को बड़ी सहजता से अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति होती है। उसके रोग, शोक, संताप और भय नष्ट हो जाते हैं। जन्मों के समस्त पाप भी नष्ट हो जाते हैं।




माँ दुर्गाजी की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती हैं। दुर्गापूजा के सातवें दिन माँ कालरात्रि की उपासना का विधान है। इस दिन साधक का मन 'सहस्रार' चक्र में स्थित रहता है। इसके लिए ब्रह्माण्ड की समस्त सिद्धियों का द्वार खुलने लगता है। कहा जाता है कि कालरात्रि की उपासना करने से ब्रह्माण्ड की सारी सिद्धियों के दरवाजे खुलने लगते हैं और तमाम असुरी शक्तियां उनके नाम के उच्चारण से ही भयभीत होकर दूर भागने लगती हैं। नाम से अभिव्यक्त होता है कि माँ दुर्गा की यह सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती है




माँ दुर्गाजी की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है। दुर्गापूजा के आठवें दिन महागौरी की उपासना का विधान है। नवरात्रि में आठवें दिन महागौरी शक्ति की पूजा की जाती है। नाम से प्रकट है कि इनका रूप पूर्णत: गौर वर्ण है। इनकी उपमा शंख, चन्द्र और कुन्द के फूल से दी गई है। अष्टवर्षा भवेद् गौरी यानी इनकी आयु आठ वर्ष की मानी गई है। इनके सभी आभूषण और वस्त्र श्वेत हैं। इसीलिए उन्हें श्वेताम्बरधरा कहा गया है। इनकि चार भुजाएँ हैं और वाहन वृषभ है इसीलिए वृषारूढ़ा भी कहा गया है




माँ दुर्गा की नौवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री हैं। ये सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली हैं।[8] नवरात्र के नौवें दिन इनकी उपासना की जाती है।[9] मान्यता है कि इस दिन शास्त्रीय विधि-विधान और पूर्ण निष्ठा के साथ साधना करने वाले साधक को सभी सिद्धियों की प्राप्ति हो जाती है। इस देवी के दाहिनी तरफ नीचे वाले हाथ में चक्र, ऊपर वाले हाथ में गदा तथा बायीं तरफ के नीचे वाले हाथ में शंख और ऊपर वाले हाथ में कमल का पुष्प है।[10] इनका वाहन सिंह है और यह कमल पुष्प पर भी आसीन होती हैं।[11] नवरात्र में यह अन्तिम देवी हैं। हिमाचल के नन्दापर्वत पर इनका प्रसिद्ध तीर्थ है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची, (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# 25 लाख रुपए का ब्राउन शुगर बरामद, दो तस्करों को गिरफ्तार

मेट्रो रेज

**साहिबगंज/उधवा :** राधानगर पुलिस ने शनिवार को बरहरवा - राजमहल एनएच 80 कार से करीब 25 लाख रुपए का ब्राउन सुगर बरामद कर दो तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। मामले की जानकारी राजमहल एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी ने शनिवार को अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक साहिबगंज को सूचना प्राप्त हुई की बड़हरवा- राजमहल मुख्य मार्ग से एक उजले रंग की कार में कुछ व्यक्ति ब्राउन सूगर लेकर राजमहल की तरफ जाने वाले हैं। वहीं राजमहल एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी व एसडीओ कपिल कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया।छापामारी दल के द्वारा राधानगर थाना अन्तर्गत साल्टी



पोखर के पास वाहन चेकिंग किया जा रहा था। कुछ देर के बाद बड़हरवा की तरफ से एक उजले रंग की कार जेएच 05 डी 0975 आती हुई दिखाई दी।जिसे रोक कर अनुमंडल पदाधिकारी, राजमहल के द्वारा विधिवत तलाशी लिया गया। तलाशी के क्रम में कार के डिक्की में सीट के नीचे एक चैम्बर बना हुआ था।जिसमें छिपा कर एक पैकेट रखा हुआ पाया गया।जिसको खोल कर देखने पर ब्राउन सूगर जैसा पदार्थ प्रतीत हुआ। उक्त पदार्थ के संबंध में वाहन सवार व्यक्तियों से पूछताछ किया गया।परन्तु उनके द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया । कड़ाई से पूछताछ करने पर वाहन पर सवार व्यक्तियों के द्वारा बताया गया कि ये ब्राउन सूगर है।जिसे बेचने के लिए राजमहल ले जा रहे थे। पैकेट का वजन करने पर उसका वजन करीब 930 ग्राम पाया गया। जब्त ब्राउन सुगर की बाजार मुल्य लगभग 25 लाख रुपए आंकी गई है। साथ ही अभियुक्त के पास से तीन मोबाईल फोन व नगद चार हजार पाँच सौ 4,500 रूपए बरामद किया गया है।तत्पश्चात दोनों अपराधकर्मियों को विधिवत गिरफ्तार किया गया तथा इस कार्य में प्रयुक्त वाहन को भी जप्त किया गया। उक्त वाहन से राजमहल थाना क्षेत्र के मुगीटोला निवासी अब्दुल रज्जाक उम्र करीब 45 वर्ष एवं सरायकेला जिले के खरसावां थाना क्षेत्र के इम्तियाज खान उम्र करीब 31 वर्ष शामिल है। वहीं इस संबंध में राधानगर थाना काण्ड संख्या-172/24 दिनांक 05/10/24 धारा 18/21/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अन्य बिंदुओं पर अनुसंधान कर रही है।गिरफ्तार दोनों अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।छापेमारी दल में कपिल कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, राजमहल ,विमलेश कुमार त्रिपाठी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजमहल, श्यामलाल हाँसदा, पुलिस निरीक्षक, राजमहल प्रभाग, राधानगर थाना प्रभारी नितेश कुमार पाण्डेय,आरक्षी विरेन्द्र यादव ,विनोद टुडू, सहित अन्य सशस्त्र पुलिस बल शामिल थे।

## उपायुक्त ने की जिला कल्याण, आईटीडीए पहाड़िया कल्याण विभाग की समीक्षा

**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती के अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला कल्याण, आई०टी०डी०ए०, पहाड़िया कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक आहूत किया गया।उपायुक्त ने जिला के विकास और कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा की और विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर दिशा-निर्देश दिए गए।छात्रवृत्ति योजना, साईकिल वितरण योजना, अत्याचार अनुदान, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, बिरसा मुण्डा आवास, जाहेरस्थान की घेराबंदी, धुमकुड़िया हाउस, मांझी थान, कब्रिस्तान की घेराबंदी, एससीए टुओ टी एस एस, ग्रमोत्थान योजना, शहीद ग्राम विकास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, वन पट्टा वितरण आदि योजनाओं पर विस्तार से चर्चा किया गया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मौके पर जिला परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास, जिला कल्याण पदाधिकारी प्रमोद आनंद एवं संबंधित एई, जेई उपस्थित थे।

# एडीपीओ ने की मासिक अपराध नियंत्रण गोष्ठी

मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** अनुमंडलीय कार्यालय में शनिवार को एसडीपीओ कक्ष में अपराध नियंत्रण गोष्ठी हुई। अध्यक्षता एसडीपीओ किशोर तिर्की ने की। उन्होंने आगामी विधान सभा चुनाव व पर्व-त्योहार को लेकर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनाने व अपराध नियंत्रण सम्बंधी टिप्स दिए। उन्होंने असमाजिक तत्वों को चिन्हित करने, शांति व सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाने, मोटरसाइकिल की चोरी व घरों में चोरी पर रोक लगाने, रात्रि गश्ती पर विशेष फोकस करने, गश्ती के दौरान संदिग्ध लोगों की जांच करने, चौक, चैराहों व सन्नाटों में बेवजह खड़े लोगों व बाजारों में मटरगस्ती करने वालों सख्ती से निपटने, हर गली



मोहल्लों में पेट्रोलिंग करने, चोरी की घटना में पूर्व में संलिप्त रहे लोगों का डाटा तैयार कर उस पर नजर बनाए रखने, थाना में लंबित कांडों का जल्द से जल्द निष्पादन करने, लाल वारंटियों को गिरफ्तार करने, सुचारू रूप से वाहन जांच अभियान चलाने, अवैध लॉटरी, शराब, जुआ के अड्डे व गांजे जैसे अवैध कारोबार पर नकेल कसने का निर्देश दिया। मौके पर नगर थाना इंस्पेक्टर अमित गुप्ता, जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी, मुफस्सिल थाना प्रभारी व अन्य मौजूद थे।

# निवर्तमान बीडीओ को दी गई विदाई

मेट्रो रेज

**साहिबगंज/उधवा :** प्रखंड सभागार में शनिवार को निवर्तमान बीडीओ के स्थानांतरण होने पर विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित की गई। इस अवसर पर निवर्तमान बीडीओ विशाल पांडे को नम आंखों से विदाई दी गई। इस दौरान अधिकारी व कर्मचारियों के अलावा जनप्रतिनिधियों ने निवर्तमान बीडीओ को पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र सहित कई तरह के उपहार भेट कर सम्मानित किया। आपको बता दें कि निवर्तमान बीडीओ विशाल पांडे आठ महीने तक प्रखंड में सेवा दी है। वही बीपीओ गगन बापू ने अपने संबोधन में कहा कि निवर्तमान बीडीओ विशाल पांडे से हमें बहुत कुछ सीखने को मिला उनकी कार्यशैली से ब्लाक ऊंचाइयों पर पहुंचा है। वे सरल और ईमानदार व्यक्ति थे। वही निवर्तमान बीडीओ ने कहा कि



अधिकारियों व कर्मचारियों के मिले सम्मान से मैं अभिभूत हूं। आप सभी अपनी नैतिक जिम्मेदारियों का निर्वाह करते हुए विभाग को अपनी कार्यशैली से आगे बढ़ाएं और सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को गांव गांव तक पहुंचाने का कार्य करें। क्योंकि अच्छे कार्य करने वाले को हमेशा प्रशंसा मिलती है। उन्होंने कहा कि उधवा की मिट्टी को वह कभी नही भूलेंगे।विदाई समारोह में निवर्तमान बीडीओ ने अपने सेवाकाल में अधीनस्थ अधिकारियों एवं कार्मिकों से मिले सहयोग और आम जनता के प्यार को सराहा और सभी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि कार्यकाल के दौरान जिस तरह सभी का सहयोग मिला, वह हमेशा याद रहेगा।मौके पर उप प्रमुख मामलोत शेख, बीपीओ गगन बापू,कनीय अभियंता दीप नारायण मंडल, अर्जुन शाह, जीपीएस बलराम दास,अभिजीत कुमार,संदीप कुमार, जियाउल हक, ताहुत रेजा उर्फ मिस्टर आदि थे।

# प्रवर डाक अधीक्षक से अभिकर्ताओं ने किया मुलाकात

मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** प्रवर डाक अधीक्षक का आगमन साहेबगंज जिला में हुआ। अभिकर्ताओं ने साहेबगंज कॉलेज उपडाकघर मे प्रवर डाक अधीक्षक को बुके देकर स्वागत किया।डाकघर अभिकर्ता संघ के जिला अध्यक्ष चंदन कुमार रमानी ने बताया की कॉलेज उपडाकघर साहेबगंज एवं साहेबगंज मुख्य डाकघर के अभिकताओं की विनियोग सबंधित कुछ समस्या है जिनको लेकर हमने एक मांग प्रत्र प्रवर डाक अधीक्षक को सोपा।जैसे हमारी मांग प्रत्र मे शामिल है।कालेज उपडाकघर साहेबगंज का काउण्टर का खुले सडक के तरफ होना जिससे कभी भी अप्रिय घटना हो सकती हैं। कालेज उपडाकघर साहिबगंज का काउण्टर का ग्राहक साइड ऊंचा होने से रकम जमाकर्ता एवं अभिकर्ताओ के सामने गिनती नहीं होती हैं।जिससे आए दिन रकम गडबडाने की शिकायत होती हैं।कालेज उपडाकघर साहेबगंज का काउण्टर पर कोई शेड नहीं है



जिससे कड़ाके की धूप और बरसात में ग्राहकों और अभिकताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।कालेज उपडाकघर साहेबगंज के अभिकताओं द्वारा लाया गया पुनर्निवेश विनियोग में उपडाकपाल खाताधारी को डाकघर बुलाते हैं जो की डाक विभाग के आदेशानुसार गलत है। साहिबगंज कॉलेज उपडाकघर एवं साहेबगंज मुख्य डाकघर का कार्य बिजली रहने पर ही होता है।अन्यथा काम बंद,साहेबगंज कॉलेज उपडाकघर एवं साहेबगंज मुख्य डाकघर के मेनुअल रह चुके खाते और रिभाईवल हो चुके खाते का भुगतान पिछले कई महीनो से नहीं हो रहा हैं।साहेबगंज कॉलेज उपडाकघर एवं साहेबगंज मुख्य डाकघर के कुछ अभिकताओं का वित्तीय वर्ष 2023-2024 का टीडीएस अभी तक नहीं चढा है। प्रवर डाक अधीक्षक ने मांग प्रत्र पर त्वरित कार्यवाही करते हुए साहेबगंज कॉलेज उपडाकघर के उपडाकपाल को कहा की आप बड़े जमा निकासी पिछे डाकघर कार्यालय के अंदर की ओर से करेगें,और जमा रकम की गिनती जमाकर्ता एवं अभिकर्ताओ को सामने बुलाकर करेगे,काउण्टर पर जल्द ही शेड लगेगा, अभिकताओं द्वारा लाया गया पुनर्निवेश विनियोग में खाताधारी को डाकघर आने की आवश्यकता नहीं है यह विभाग के नियम में है।साहिबगंज कॉलेज उपडाकघर मे बिजली नहीं रहने पर कार्य नहीं रुके इसलिए इनभाईटर एवं बैटरा खरीदने का आदेश दिया गया और साहेबगंज मुख्य डाकघर मे बिजली नहीं रहने पर कार्य नहीं रुके इसलिए बंद पडे जरनेटर ठीक कराकर चालू करने का आदेश दिया गया। साहिबगंज कॉलेज उपडाकघर एवं साहेबगंज मुख्य डाकघर के मेनुअल रह चुके खाते और रिभाईवल हो चुके खाते का भुगतान के लिए उपडाकपाल महोदय से खातो की एक सुची बना कर जल्द से जल्द प्रवर डाक अधीक्षक के पास भेजने का आदेश दिया गया।साथ ही प्रवर डाक अधीक्षक महोदय जी ने कहा की उन्होंने एक अभियान चलाया है जिसके तहत वे प्रत्येक शनिवार अपने प्रमंडल के एक जिला का दौरा करेंगे और डाकघर की समस्याओं को हल करेंगे।साथ ही जिन अभिकर्ताओ का टीडीएस नहीं चढ़ा है वे अभिकर्ता आवेदन के साथ अपना टीडीएस सुची लगाकर पोस्ट मास्टर दुमका एवं प्रवर डाक अधिक्षक को भेजेगे।मौके पर जिला अध्यक्ष चन्दन कुमार रमानी,सचिव नन्द किशोर दास, प्रमोद कुमार रिन्कु बृज मोहन केशरी,अभय कुमार,सरस्वती घोष,गौर रंजन हाजरा,बिजय सिंह एवं ईश्वर चंद आदि उपस्थित थे।

# हेमंत सोरेन ने राज्य को मजबूत करने की दिशा में कोई काम नहीं किया : बेटका मुर्मू



मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** आज बरहेट के भोगनाडीह में मांझी परगना महासम्मेलन का आयोजन होगा। जिसमें सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन शामिल होंगे।

कार्यक्रम में बोरियो के पूर्व विधायक लोबिन हेंब्रम भी शामिल होंगे।महासम्मेलन में साहिबगंज जिले के अलावा संथाल परगना के कई जिलों से आदिवासी समाज की पारंपरिक व्यवस्था का संचालन करने वाले ग्राम प्रधानों गुड़ित नायकी सहित आदिवासी समाज के लोग भारी संख्या में पहुंचेंगे।कार्यक्रम की तैयारी जोरों पर है।करीब 10 हजार लोगों के इस कार्यक्रम में शामिल होने का अनुमान लगाया जा रहा है।ग्राम प्रधान सातःमांझी परगना अध्यक्ष बेटका मुर्मू ने बताया कि जिस आशा और विश्वास से हेमन्त सोरेन को जिताया उसी ने मांझी परगना व्यवस्था को दरकिनार कर दिया।मांझी परगना व्यवस्था पूर्वजों से चली आ रही है।हेमंत सोरेन ने इसे मजबूत करने की दिशा में कोई काम नहीं किया।पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने ग्राम प्रधानों को बाइक देने की योजना चलाई थी।लेकिन हेमंत सोरेन की सरकार ने उस पर रोक लगा दी।

# मंडल कारा प्रशासन ने घायल कैदी को सदर अस्पताल में भर्ती कराया

मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** मंडल कारा में बंद बंदी बरहेट थाना क्षेत्र के भोगनाडीह निवासी समीर अंसारी उर्फ तैमुद्दीन अंसारी को शुक्रवार को लगभग 8:30 बजे मंडल कारा के प्रशासन ने गंभीर रूप से घायल अवस्था में सदर अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद डा. फारोग हसन ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया।बताया जा रहा हैं कि समीर अंसारी उर्फ तैमुद्दीन अंसारी के विरुद्ध बरहेट थाना कांड संख्या 122/2023 धारा 302 के तहत मामला दर्ज था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि



समीर अंसारी को विगत कुछ दिनों से मंडल कारा के सेल में रखा गया था। उसके सिर पर किसी धारदार हथियार से चोट लगने की निशान थे।जिसके कारण

समीर के सिर पर गंभीर जख्मी था और अत्यधिक मात्र में खून भी बाहा है।बताया जा रहा है कि समीर अपना सिर दीवाल में पटक कर सिर फोड़ लिया और गहरा जख्म दिया है। हालांकि समीर के साथ या घटना कैसे घटी इसकी अभी तक आधिकारिक पुष्टि अब तक नहीं हो पाई है। मंडल कारा प्रशासन इस मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है की समीर का इलाज दुमका के फूलों झानो अस्पताल में चल रहा है और वाह फिलहल खतरे से बहार बताया जा रहा है ।

### सदर अस्पताल के कैदी वार्ड से भाग चुका है समीर

आठ जून 2024 को सदर अस्पताल स्थित प्रतीक्षालय भवन में बने कैदी वार्ड से दो बंदी मो बरहेट निवासी मो. समीर अंसारी एवं देवघर निवासी आमिर अंसारी लोहे कि खिड़की में लगा रड तोड़कर रात में फरार हो गया। तबीयत खराब होने के बाद अमीर और समीर को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था ।हवलदार सुधीर सिंह ने बताया था कि रात्रि हम लोग सभी बंदियों की जांच पड़ताल किए सभी बंदी सामान्य रूप से थे।फिर हम बरांडा में आ गए। फिर लगभग 11:45 में दोबारा जांच पाताल के लिए गए तो देखा कि दो बंदी अपने वार्ड में नहीं है तभी इसकी जानकारी मौजूद अन्य पुलिसकर्मी को दिए। जांच पड़ताल किए तो देखा की वार्ड में लगे खिड़की का रड उखड़ा हुआ है और दोनों खिड़की से घुसकर फरार हो गया। पुलिस ने कुछ दिनों बाद अमीर और समीर को भागने में सहायता करने वाले एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। फिर कुछ महीनो बाद उसके समीर अंसारी को भी गिरफ्तार कर लिया गया और पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया।वहीं देवघर,जरमुंडी, पालाजोरी निवासी अमीर अंसारी के विरुद्ध बरहेट थाना कांड संख्या 24/2024 के तहत मामला दर्ज हैं जो आज भी पुलिस कि पकड़ से कोसो दूर है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### वन व वन जीवों के संरक्षण से मानवों का अस्तित्व : अखिलेश

**साहिबगंज :** वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रगल गर्ग के निर्देश पर शनिवार को मंडरो स्थित फॉसिल्स पार्क में 2 से 8 अक्टूबर तक वन्य प्राणी सप्ताह के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आस-पास के चार विद्यालयों के बच्चों में शिरकत की। सर्वप्रथम बच्चों को फॉसिल्स पार्क का भ्रमण कराते हुए उन्हें फॉसिल्स की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। मंडरो वनपाल अखिलेश मरांडी ने उपस्थित बच्चों व लोगों को वन एवं जीवों की महत्ता, उनके संरक्षण उनसे पर्यावरण को होने वाले लाभ की भी जानकारी दी। साथ ही वन व वन जीवों के संरक्षण व संवर्धन के लिए लोगों को जागरूक व प्रेरित करने की अपील भी की। कहा कि मानव जीवन का वन व वन जीवों से गहरा नाता है। इनके संरक्षण से ही मानवों का अस्तित्व निर्भर करता है। वहीं इस दौरान पार्क परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसके बाद बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में एसएस हाई स्कूल माल मंडरो, मिडिल स्कूल माल मंडरो, प्लस टू हाई स्कूल मंडरो व कन्या हाई स्कूल मंडरो के छात्र-छात्राओं ने कैनवास पर वन व वन जीवों की तस्वीर उकेरी। मौके पर वन रक्षी सनी रजक, भारतीय वन्यजीव संस्थान से वरुण कुमार, स्कूल शिक्षक कालीपद मुर्मू, संजीव कुमार सिंह, संजय हांसदा सहित वन कर्मी मौजूद थे।

### अकुनबन्ना चचरी पुल पर यात्रियों से अधिक किराया लेने का वीडियो वायरल

**साहिबगंज/उधवा :** उधवा अंचल क्षेत्र के नाशघाट -प्राणपुर सड़क के अकुनबन्ना के समीप मुख्य सड़क पर बने चचरी पुल



पर यात्रियों से अवैध किराया लेने मामला हमेशा सुर्खियों में रहा है। जानकारी के अनुसार गंगा के जलस्तर में वृद्धि होने से दियारा क्षेत्रों में बाढ़ का पानी आसानी से घुस जाता है। जिससे कई मुख्य सड़कों में पानी जमा हो जाता है। इससे लोगों का संपर्क प्रखंड मुख्यालय से टूट जाता है। जहां लोगों को आवागमन में काफी परेशान होती है। वही कुछ स्थानीय लोगों के द्वारा अकुनबन्ना मुख्य सड़क के पास चचरी पुल का निर्माण कर यात्रियों से जबरन अधिक किराया लिया जाता है। देर शाम एक शख्स के द्वारा यात्रियों से अधिक किराया लेने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया था। वायरल वीडीओ में एक यात्री से जबरन 30 रुपए किराया मांगा जा रहा थे। यात्री के द्वारा इसका विरोध करने पर एक युवक ने उसके बाइक की चाबी छीन लिया था। ज्ञात हो कि बीते 27 अगस्त को स्थानीय लोगो ने अधिक किराया लेने के विरुद्ध प्रदर्शन किया था। जिस पर सीओ उधवा अंचलाधिकारी पवन कुमार एवं राधानगर थाना के पुलिस मौके पर पहुंच कर लोगो को समझा बुझाकर मामला को शांत कराया था।इस दौरान अंचलाधिकारी द्वारा कहा गया था कि प्रति व्यक्ति पांच रुपए किराया से अधिक वसूली नहीं करना है।बाढ़ को देखते हुए आपसी सहमति से ही किराया लेना है। यदि भविष्य में अवैध वसूली की शिकायत मिली तो संबंधित लोगो के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की बात कही गई थी। इसके बावजूद शुक्रवार को संबंधित लोगों द्वारा आम लोगो से डरा धमकाकर वसूली करने का वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है।इसमें ग्रुप में जुड़े लोग तरह तरह की प्रतिक्रिया दे रहे थे। हालांकि खबर लिखे जाने तक किसी ने पुलिस प्रशासन से किसी प्रकार की लिखित शिकायत नहीं की थी। इधर थाना प्रभारी नितेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि लिखित शिकायत मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### सदर प्रखंड में नए अंचलाधिकारी के रूप में बासुकीनाथ टुडू ने पदभार ग्रहण किया

**साहिबगंज :** सदर प्रखंड के 45 वा अंचलाअधिकारी के रूप में बासुकीनाथ टुडू ने पदभार ग्रहण किया।इससे पहले बासुकीनाथ टुडू सेटलमेंट ऑफिसर रांची में पदस्थापित थे।उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा की वर्तमान में इस अंचल में सबसे बड़ी समस्या बाढ़ प्रभावित लोगों की है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा प्राप्त सभी तरह का बाढ़ राहत सामग्री सही लोगों को मिले इस पर विशेष ध्यान रखा जाएगा।उन्होंने बताया कि सरकार के द्वारा दिए गए निदेर्शों के अनुरूप सभी कार्यों का समय पर निष्पादन करना,जन समस्याओं को शीघ्र निष्पादन करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी।सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने का कार्य काफी तत्परता से किया जाएगा।श्री टुडू ने कहा कि सरकारी कार्यों में लापरवाही और अराजकता कभी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।जनता की समस्याओं के लिए हमेशा उपलब्ध रहूंगा और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करूंगा।वही उन्होंने कहा कि सरकार की महत्वपूर्ण योजना मैया सम्मान योजना में हो रही परेशानी को शीघ्र दूर कर लिया जाएगा।

### आंगनबाड़ी सेविका सहायिका अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गई



**साहिबगंज :** झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर अपनी आठ सूत्री मांगों को लेकर जिले के सभी आंगनबाड़ी सेविका सहायिका जिला अध्यक्ष शबाना आजमी के नेतृत्व में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चली गई।जिला अध्यक्ष शबाना आजमी ने हड़ताली कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि सेविका सहायिकाओं को आंगनबाड़ी केंद्र संचालन के साथ सरकार की जितनी भी महत्वाकांक्षी योजनाएं हैं।उसे लागू करने के करने के लिए ताकत झोंक दिया जाता है। जिसके लिए अलग से कोई प्रोत्साहन भत्ता नहीं दिया जाता है।दूसरी तरफ पोषाहार राशि का भुगतान कई महीनों तक नहीं होता है। और हमेशा सेविका कर्जदार बनकर रहती है।जिला अध्यक्ष ने कहा कि बाजार में सामान का दाम और सरकारी दर में काफी अंतर है।विभाग द्वारा जारी सेवा शर्त नियम वाली के अधिसूचना संख्या 2238 एवम 2239 दिनांक 30/9/ 2022 में आंशिक संशोधन हेतु पूर्ण समर्पित आवेदन पत्र अभिलंब विचार हो,वहीं सहायक अध्यापक शिक्षक के समान आंगनबाड़ी सेविका एवम सहिया को भी मानदेय वेतन के भुगतान के साथ सभी सुविधा कि स्वीकृत किया।उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद आंगनबाड़ी सेविका को 10 लाख और सहिया को 5 लाख भुगतान किया जाय एवम मानदेय 50% पैंशन दिया जाय।मौके पर,शबनम आरा,सोनी खातून,पुष्पां देवी,सरस्ती देवी, सुमन कुमारी,रीना देवी,रेखा देवी सहित कई अन्य सेविका सहायिका कर्मी मौजूद थी।

# शहनाज गिल सिद्धार्थ शुक्ला के लिए कबूल की अपनी फीलिंग



शहनाज गिल और सिद्धार्थ शुक्ला की मुलाकात बिग बॉस 13 में हुई थी। सह-प्रतियोगी होने से लेकर अच्छे दोस्त बनने तक, दोनों एक-दूसरे के बहुत करीब आ गए। अक्सर, उनके प्रशंसक सोचते थे कि क्या वे डेटिंग कर रहे हैं। लेकिन शहनाज़ और सिद्धार्थ ने हमेशा इन खबरों पर चुप्पी साधे रखी। उन्होंने कभी भी साथ होने की पुष्टि नहीं की और न ही इनकार किया। दिवंगत अभिनेता सिद्धार्थ शुक्ला के साथ गहरी दोस्ती रखने वाली शहनाज़ गिल ने हाल ही में एक इंटरव्यू में अपने रिश्ते के बारे में खुलकर बात की। हालाँकि उन्होंने कभी सार्वजनिक रूप से पुष्टि नहीं की कि वे डेटिंग कर रहे हैं, लेकिन दोनों को अक्सर प्रशंसकों द्वारा जोड़ा जाता था और प्यार से ₹सिडनाज़र₹ कहा जाता था। फन विद फराह पर फराह खान के साथ एक स्पष्ट बातचीत के दौरान, शहनाज़ ने सिद्धार्थ के प्रति अपनी भावनाओं का खुलासा किया।

**शहनाज़ गिल ने सिद्धार्थ शुक्ला के साथ रिलेशनशिप की की बात**

फन विद फराह पर फराह खान से बात करते हुए, शहनाज़ गिल ने खुलासा किया कि वह दिवंगत अभिनेता को लेकर बहुत पज़ेसिव थीं। अभिनेत्री ने खुलासा किया कि उनके लिए लुक मायने नहीं रखता, लेकिन एक गर्लफ्रेंड के तौर पर उन्हें जलन होती है और वह बहुत पज़ेसिव हैं। उन्होंने खुलासा किया कि वह सिद्धार्थ शुक्ला को लेकर काफी पज़ेसिव थीं। शहनाज़ ने खुलासा किया, मैं पज़ेसिव थी, क्योंकि भाई वह हैंडसम भी तो था। अगर कोई इतना अच्छा दिखने वाला हो, तो असुरक्षित और पज़ेसिव महसूस करना स्वाभाविक है। दोनों के प्रशंसक अक्सर सोशल मीडिया पर हैशटैग का इस्तेमाल करते हुए उनकी केमिस्ट्री का जश्न मनाते हैं। जबकि जोड़ी ने कहा कि वे सिर्फ दोस्त थे, उनका बंधन निर्विवाद था। सिद्धार्थ शुक्ला ने 2020 में बिग बॉस 13 जीता और दोनों ने विभिन्न परियोजनाओं पर सहयोग करना जारी रखा। दुखद रूप से, सिद्धार्थ का सितंबर 2021 में 40 वर्ष की आयु में हृदय गति रुकने से निधन हो गया। इसके अलावा, अभिनेत्री ने उल्लेख किया कि एक साथी के रूप में, वह काफी वफादार है और हमेशा एक ही आदमी के साथ अपना जीवन बिताना चाहती है। पूर्व बिग बॉस प्रतियोगी ने कहा कि वह भविष्य में शादी करना पसंद करेगी। तो वह किस तरह के आदमी की तलाश में है? गिल ने एक आदमी में वह गुण सिद्धार्थ शुक्ला और शहनाज़ गिल के प्रशंसक उन्हें सिडनाज़ के नाम से संबोधित करते थे। दुख की बात है कि सिद्धार्थ का 2021 में 40 साल की उम्र में कार्डियक अरेस्ट के कारण निधन हो गया। उनकी मौत से शहनाज़ पूरी तरह से टूट गई थीं। काफी समय से ऐसी खबरें आ रही हैं कि अभिनेत्री राघव जुयाल को डेट कर रही हैं। हालांकि, जब भी उनसे इंटरव्यू में इस बारे में पूछा जाता है तो वे दोनों कभी भी इसे स्वीकार नहीं करते हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो शहनाज़ ने किसी का भाई किसी की जान, थैंक यू फॉर कमिंग जैसी फिल्मों में काम किया है। राजकुमार राव और त्रिपती डिमरी की विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में उनकी स्पेशल अपीयरेंस है। यह फिल्म 11 अक्टूबर, 2024 को सिनेमाघरों में आएगी।



### फिल्म 'देवरा पार्ट 1' के बारे में

- फिल्म में जूनियर एनटीआर दोहरी भूमिका में हैं, जबकि सैफ अली खान, जान्हवी कपूर, प्रकाश राज, श्रीकांत मेका, टॉम शाइन चाको और नारायण ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हैं। जूनियर एनटीआर के समुद्र और जमीन पर लड़ाई के दृश्य अद्भुत हैं। इस फिल्म में अभिनेता सैफ अली खान ने एक क्रूर खलनायक की भूमिका निभाई है। फिल्म में काफी खून-खराबा और जबरदस्त फाइटिंग सीन हैं। इस फिल्म में सैफ अली खान और जूनियर एनटीआर का दमदार एक्शन फ्रेम है। हालाँकि फिल्म को दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली, लेकिन फिल्म को पहले दिन जबरदस्त सफलता मिली और फिल्म ने पहले दिन 172 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया।


# जूनियर एनटीआर की फिल्म का पहले हफ्ते में शानदार प्रदर्शन


जूनियर एनटीआर और सैफ अली खान की 'देवरा पार्ट 1' ने बॉक्स ऑफिस पर दमदार शुरुआत की है। 27 सितंबर को रिलीज हुई इस पैन-इंडिया फिल्म ने अपने पहले हफ्ते में ही करोड़ों की कमाई कर ली है। यह फिल्म पांच भाषाओं तेलुगु, तमिल, हिंदी, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज हुई है। इस फिल्म में अभिनेता जूनियर एनटीआर, जान्हवी कपूर, सैफ अली खान और अभिनेत्री श्रुति मराठे मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। इस फिल्म में एक्टर प्रकाश राज और जरीना वहाब भी अहम भूमिका में हैं।

**बॉक्स ऑफिस रिपोर्ट**

फिल्म ने अपने पहले सप्ताह में वैश्विक स्तर पर और भारत में 405 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म ने भारत में पहले सात दिनों में 215.60 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है और वैश्विक स्तर पर 325 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। आठवें दिन फिल्म ने लगभग 1.55 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। 'देवरा' छह साल बाद जूनियर एनटीआर की पहली फिल्म है। इससे पहले वह एस.एस. राम राजामौली की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'आरआरआर' में चरण के साथ नजर आए थे। कुछ दिन पहले जूनियर एनटीआर ने सोशल मीडिया पर अपने फैंस को धन्यवाद दिया था। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, "जिस दिन का मैं इंतजार कर रहा था वह आखिरकार आ गया... आपकी अनोखी प्रतिक्रियाओं से अभिभूत हूं। मेरे प्रशंसकों, 'देवरा' के प्रति आपका उत्साह देखकर मैं बहुत खुश हूं। मैं आपके प्यार के लिए हमेशा आभारी रहूंगा।' आपने जितना आनंद लिया, उतना ही मैंने फिल्म का आनंद लिया।

# तारक मेहता का उल्टा चश्मा को मिली नयी 'सोनू भिड़े'





तारक मेहता का उल्टा चश्मा पिछले कुछ हफ़्तों से गलत वजहों से सुर्खियाँ बटोर रहा है। पहला धमाका तब हुआ जब शो के प्रोडक्शन हाउस नीला फिल्म प्रोडक्शंस ने घोषणा की कि कास्टमेट पलक सिंधवानी को कॉन्ट्रैक्ट तोड़ने के कारण कानूनी नोटिस भेजा गया है। इसके बाद पलक ने अपनी टीम के ज़रिए अपना बयान जारी किया, जिसमें उन्होंने शो मेकर्स पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और बदनाम करने का आरोप लगाया क्योंकि वह शो छोड़ना चाहती थीं। तमाम विवादों के बीच पलक ने आखिरकार पिछले महीने शो छोड़ दिया। सोनू का किरदार निभाएंगी ख़ुशी माली 4 अक्टूबर 2024 को शो मेकर्स ने घोषणा की कि उनकी भूमिका 'सोनू भिड़े' अब ख़ुशी माली निभाएंगी। हालाँकि इस घोषणा पर प्रशंसकों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएँ मिलीं, फिर भी वे नई 'सोनू' के बारे में और जानने के लिए उत्सुक थे। तारक मेहता का उल्टा चश्मा के निर्माताओं ने आधिकारिक तौर पर पलक सिंधवानी की जगह सोनू भिंडे की भूमिका के लिए खुशी माली को लिया है। कानूनी लड़ाई में उलझने के बाद पलक ने शो छोड़ दिया। 3 सितंबर को निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर घोषणा साझा करके तारक मेहता का उल्टा चश्मा परिवार में खुशी का स्वागत किया। वह 7 अक्टूबर से शुरू होने वाले सिटकॉम में शामिल होंगी।

**तारक मेहता का उल्टा चश्मा को लेकर विवाद**

विवाद तब शुरू हुआ जब शो के प्रोडक्शन हाउस ने खुलासा किया कि कास्ट मेंबर पलक सिंधवानी को उनके अनुबंध का उल्लंघन करने के लिए कानूनी नोटिस भेजा गया था। पलक ने अपनी टीम के एक बयान के माध्यम से जवाब दिया, जिसमें उन्होंने शो छोड़ने की इच्छा व्यक्त करने के बाद निर्माताओं पर मानसिक रूप से परेशान करने और उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया। बढ़ते तनाव के बीच, पलक ने पिछले महीने आधिकारिक तौर पर शो छोड़ दिया। 4 अक्टूबर, 2024 को, निर्माताओं ने घोषणा की कि 'सोनू भिड़े' के रूप में उनकी भूमिका अब ख़ुशी माली द्वारा निभाई जाएगी। कास्टिंग की खबर ने प्रशंसकों से मिली-जुली प्रतिक्रियाएँ प्राप्त कीं, जो सोनू के नए चेहरे के बारे में अधिक जानने के लिए उत्सुक थे।

**ख़ुशी माली कौन है?**

ख़ुशी माली टेलीविजन पर अपेक्षाकृत नई हैं, उन्होंने सिर्फ़ एक शो, साझा सिंदूर में काम किया है। हालाँकि, उन्होंने मॉडलिंग के काम और कई विज्ञापनों के माध्यम से दृश्यता प्राप्त की है, अक्सर इंस्टाग्राम पर ब्रांडों के साथ सहयोग करते हुए, जहाँ उनके वर्तमान में 56K से अधिक अनुयायी हैं। अपने सोशल मीडिया के माध्यम से, ख़ुशी नियमित रूप से अपने प्रशंसकों के साथ अपडेट साझा करती हैं। ख़ुशी एक मॉडल और अभिनेत्री हैं। वह कई फैशन कैंपेन, विज्ञापनों और अन्य में नज़र आ चुकी हैं। शो के निर्माता असित कुमार मोदी ने टाइम्स ऑफ़ इंडिया के साथ एक साक्षात्कार में ख़ुशी माली की कास्टिंग पर अपने विचार साझा किए।

**उन्होंने सोनू के किरदार के महत्व पर ज़ोर देते हुए कहा**

"सोनू टप्पू सेना का एक अहम हिस्सा है और उसकी मौजूदगी ने हमेशा नेतृत्व और गर्मजोशी दिखाई है। ख़ुशी माली को कास्ट करना एक सोची-समझी फ़ैसला था और हमारा मानना है कि वह इन गुणों को बखूबी से दर्शाती है। हम ख़ुशी का स्वागत करने के लिए उत्साहित हैं और इस किरदार को जीवंत करने में उसका पूरा समर्थन करेंगे। हमें उम्मीद है कि हमारे दर्शक उसे वही प्यार देंगे जो उन्होंने पिछले 16 सालों से शो और उसके किरदारों को दिया है।"

## 'बिग बॉस 18' के घर की पहली झलक आई सामने



बिग बॉस 18' 6 अक्टूबर से शुरू होगा। हर साल की तरह सलमान खान इस रियलिटी शो के भी होस्ट हैं। इस साल की थीम 'समय का तांडव' है। यह शो अतीत, वर्तमान और भविष्य की थीम पर आधारित होगा। 'बिग बॉस 18' का घर भी इसी थीम के हिसाब से डिजाइन किया गया है। इस घर में गुफाएं, किले, मूर्तियां, मिट्टी के बर्तन देखने को मिलेंगे। इस साल बिग बॉस के घर में छिपे हुए प्रवेश द्वार, छिपे हुए दरवाजे, कैमरे और कुछ ऐसी जगहें हैं जिन्हें आसानी से नहीं देखा जा सकता है। बगीचे में प्रवेश करते ही आपको एक विशाल स्तंभ दिखाई देगा। वहां से एक सड़क बिग बॉस के घर की ओर जाती है। बाथरूम की थीम तुर्की हम्माम से प्रेरित है और इसमें बैठने की जगह के साथ प्रवेश द्वार पर एक बड़ा ट्रोजन हॉर्स है। बिग बॉस के घर का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया गया है। लिविंग रूम बहुत खूबसूरत है। एक कोने में बैठने की व्यवस्था है और बीच में एक बड़ी डाइनिंग टेबल है। किचन को एक गुफा की तरह डिजाइन किया गया है, जबकि बेडरूम एक महल जैसा दिखता है। घर में एक जेल भी है, जो किचन और बेडरूम के बीच में है। आर्ट डायरेक्टर ओमंग कुमार ने बताया कि इस आलीशान घर को बनाने में 200 मजदूरों ने 45 दिनों तक कड़ी मेहनत की है। इस घर का काम 'बिग बॉस ओटीटी 3' के खत्म होने के बाद शुरू हुआ था। ओमंग ने कहा, ₹सेट बनाने में 45 दिन लगे, ओटीटी के तुरंत बाद काम शुरू हुआ। घर को डिजाइन करने में काफी दिन लगता है, लेकिन अगर फर्श हो तो ज्यादा समय लगता है। सबसे पहले इस पर काम करना होगा। बेडरूम में सीढ़ियां इस साल का सबसे जटिल विचार था, शायद इसी वजह से इस साल यह प्रतियोगियों को बोर करेगी।

# फिल्म ब्लॉकबस्टर होने के बाद दर्शन के लिए शिरडी पहुंचीं एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर

श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की 'स्त्री-2' बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही। यह 2018 की ब्लॉकबस्टर हॉरर कॉमेडी स्त्री का सीक्वल है। यह फिल्म 15 अगस्त 2014 को स्क्रीन पर आई और इसे दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। फिल्म ने भारत में 590 करोड़ से ज्यादा की कमाई की, जबकि वर्ल्डवाइड कलेक्शन 840 करोड़ के पार पहुंच गया है। 'स्त्री-2' की टीम फिलहाल इस फिल्म की सफलता का जश्न मना रही है। यह फिल्म 50 दिनों से दर्शकों का मनोरंजन कर रही है। फिल्म देखने के लिए दर्शक अभी भी सिनेमाघरों में उमड़ रहे हैं। ऐसे ही श्रद्धा कपूर ने शिरडी के साईंबाबा मंदिर के दर्शन किए हैं। साईं मंदिर से उनकी कुछ तस्वीरें वायरल हो गई हैं। तस्वीरों में वह साईं बाबा के दर्शन करती नजर आ रही हैं। श्रद्धा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर मंदिर दर्शन की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। साथ ही श्रद्धा की शिरडी यात्रा की कुछ तस्वीरें श्री साईबाबा संस्थान ट्रस्ट शिरडी के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर भी शेयर की गई हैं। तस्वीरों में श्रद्धा पीले रंग की ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही हैं।





**'स्त्री-2' की स्टारकास्ट और रिकॉर्ड तोड़ कमाई**

श्रद्धा और राजकुमार राव की हॉरर-कॉमेडी फिल्म ने दर्शकों का मनोरंजन किया और कई फिल्मी रिकॉर्ड तोड़े। 'स्त्री-2' शाहरुख खान की 'जवान' के कलेक्शन को पीछे छोड़ते हुए अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्मों में से एक है। अमर कौशिक द्वारा निर्देशित, स्त्री-2 दिनेश विजन की अलौकिक ब्रह्मांड में पांचवीं फिल्म है। फिल्म 'रूही', 'भेड़िया' और 'मुंज्या' के बाद 'स्त्री-2' बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। फिल्म में श्रद्धा कपूर, राजकुमार राव, पंकज त्रिपाठी, अभिषेक बनर्जी और अपारशक्ति खुराना ने अहम भूमिका निभाई थी। फिल्म में अक्षय कुमार, वरुण धवन, तमन्ना भाटिया और अमर कौशिक ने कैमियो किया है।

# तेलंगाना पुलिस ने सुपरस्टार नागार्जुन के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत

फिल्म के हीरो अक्किनेनी नागार्जुन को अप्रत्याशित झटका लगा। मदापुर पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। चैरिटी संगठन 'जनम पारो' के अध्यक्ष कासिरेड्डी भास्कर रेड्डी ने नागार्जुन के खिलाफ मामला दर्ज करने के लिए मदापुर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई, जिन्होंने हाई-टेक सिटी के पास तम्मिडिकुंटा तालाब पर कब्जा कर एन कन्वेंशन सेंटर का निर्माण किया था। इस शिकायत को कानूनी राय के लिए भेजने वाली मादापुर पुलिस ने हाल ही में नागार्जुन के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अक्किनेनी नागार्जुन के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज किया गया है। अक्किनेनी ने नागार्जुन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुए कहा कि थम्मिडिकुंटा ने एन कन्वेंशन पर कब्जा कर लिया है। चैरिटी संगठन 'जनम मोरो' के अध्यक्ष कासिरेड्डी भास्कर रेड्डी ने मदापुर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि अक्किनेनी ने नागार्जुन की जमीनों पर अतिक्रमण किया है और उन्हें अवैध रूप से हासिल किया है। रेड्डी ने आरोप लगाया कि नागार्जुन ने सैकड़ों करोड़ की कीमत वाली जमीन पर अवैध रूप से एन कन्वेंशन सेंटर का निर्माण किया है। विवादित जमीन थम्मीदिकुंटा झील के फुल टैंक लेवल (एफटीएल) और बफर जोन में आती है। रेड्डी ने दावा किया कि नागार्जुन कई सालों से अतिक्रमण की गई जमीन से काफी अवैध पैसा कमा रहे हैं। वह इन कथित अपराधों के लिए अभिनेता की गिरफ्तारी सहित उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। कासिरेड्डी भास्कर रेड्डी ने मदापुर पुलिस से शिकायत की कि उन्होंने हाई-टेक सिटी क्षेत्र में थम्मीदिकुंटा पर कब्जा कर लिया और एन-कन्वेंशन का निर्माण किया और मुनाफा कमाया। उन्होंने सिंचाई अधिकारियों द्वारा सत्यापित साक्ष्यों के साथ एक लिखित शिकायत दर्ज की कि नागार्जुन ने तालाब पर अतिक्रमण किया था। मदापुर पुलिस ने उन्हें शिकायत की एक प्रति भी दी. कासिरेड्डी भास्कर रेड्डी ने आरोप लगाया कि सिंचाई विभाग के उत्तरी टैंक डिवीजन के कार्यकारी अभियंता ने 17 फरवरी, 2021 को एक रिपोर्ट दी थी कि एन-कन्वेंशन ने तम्मिडिकुंटा एफटीएल बफर जोन में 3 एकड़ 30 पिट्स भूमि पर कब्जा कर लिया था।



# महिला टी-20 वर्ल्डकपः भारत-पाकिस्तान मुकाबला आज

**एजेंसी**

नई दिल्ली : महिला टी20 वर्ल्ड कप 2024 में रविवार को भारत और पाकिस्तान को बीच मुकाबला होगा। दोनों टीमें दुबई स्थित दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में आमने-सामने होंगी। फैंस के बीच इस मैच का खासा इंतजार है। भारत-पाकिस्तान का यह मुकाबला भारतीय समय के मुताबिक दोपहर साढ़े तीन बजे शुरू होगा जबकि इस मैच के लिए टॉस दोपहर तीन बजे होगा। मैच की लाइव स्ट्रीमिंग हॉटस्टार के जरिए होगी। महिला टी20 वर्ल्डकप में भारत और पाकिस्तान की टीमें एक-एक मैच खेल चुकी हैं। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम इंडिया न्यूजीलैंड के साथ अपना पहला मुकाबला 58 रनों से हार चुकी है। जबकि फातिमा सना की अगुवाई वाली पाकिस्तान की टीम टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में श्रीलंका को करारी शिकस्त दी थी। भारतीय टीम के लिए आज का मुकाबला जीतने का दबाव होगा क्योंकि इस मैच के हारने पर टूर्नामेंट से बाहर होने का खतरा भी है। भारत-पाकिस्तान के बीच 15 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले गए जिसमें भारतीय टीम ने 12 मैच जीत कर दबदबा बनाए रखा है।





**भारत की टीम**

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप कप्तान), शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), पूजा वस्त्राकर, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, दयालन हेमलता, आशा सोभना, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल, सजना सजीवन।





**पाकिस्तान की टीम**

फातिमा सना (कप्तान), आलिया रियाज, डायना बेग, गुल फिरोजा, इरम जावेद, मुनीबा अली, नशरा सुंधू, निदा डार, ओमैमा सोहेल, सदफ शमास, सादिया इकबाल, सिदरा अमीन, सैयदा अरूब शाह, तस्मिया रुबाब, तुबा हसन।

# राजकुमार के साथ नजर आएंगे भोजपुरी एक्टर पवन सिंह



स्त्री-2' के बाद राजकुमार राव की फिल्म 'विकी विद्या का वो वाला वीडियो' दर्शकों के सामने आ रही है। राजकुमार राव के साथ इस फिल्म में एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिका निभा रही हैं। इस फिल्म का ट्रेलर कुछ दिन पहले ही रिलीज हुआ था। फिल्म के ट्रेलर को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। इसके बाद राजकुमार राव की फिल्म 'विकी विद्या का वो वाला वीडियो' का एक गाना चर्चा में है। फिल्म का नया गाना 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' जल्द ही रिलीज होगा। इस गाने में राजकुमार राव भोजपुरी एक्टर पवन सिंह के साथ थिरकते नजर आएंगे। ये वीडियो इस समय सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो को पैपराजी के इंस्टाग्राम पेज से शेयर किया गया है। इस वीडियो में राजकुमार राव को पवन सिंह के साथ मस्ती करते हुए देखा जा सकता है। फिल्म के इस नए गाने 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' की झलक देखने के लिए फैन्स भी काफी एक्साइटेड हैं। भोजपुरी सिनेमा में पवन सिंह अभिनेता होने के साथ-साथ एक बेहतरीन गायक भी हैं। इससे पहले पवन सिंह ने राजकुमार राव की फिल्म 'स्त्री-2' के गाने को आवाज दी थी। अब उन्होंने एक बार फिर से बॉलीवुड सिनेमा में एंट्री कर ली है। राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी स्टारर 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' दर्शकों को रोमांस, ड्रामा और कॉमेडी का भरपूर डोज देगा। इस फिल्म से एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत कमबैक कर रही हैं। इस फिल्म में वह अहम भूमिका में नजर आएंगी। यह फिल्म 11 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# मुंबई : चेंबूर के एक घर में आग लगने से एक ही परिवार के 7 लोगों की मौत



एजेंसी

**मुंबई।** चेंबूर के सिद्धार्थ नगर में स्थित एक घर में रविवार को तड़के लगी आग में एक ही परिवार के 7 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में तीन छोटे बच्चे और दो पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाया। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

पुलिस के अनुसार चेंबूर के सिद्धार्थ नगर स्थित एक घर में आज तड़के करीब साढ़े चार बजे आग लग गई। उस समय घर के सभी सदस्य गहरी नींद में सो रहे थे। लेकिन घर में आग लगने की भनक लगते ही सभी सदस्यों ने खुद को बचाने का प्रयास किया, लेकिन आग की लपटों से बाहर नहीं निकल सके। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां मौके पर पहुंची और किसी तरह परिवार के सभी सदस्यों को घटनास्थल से निकाल कर राजावाड़ी अस्पताल में भर्ती करवाया। लेकिन डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। पता चला है कि सभी मृतक गुप्ता परिवार के सदस्य थे। चेंबूर पुलिस स्टेशन की टीम मौके पर आग लगने कारणों की छानबीन के साथ मृतकों की पहचान का भी प्रयास कर रही है।

## महोबा में पलटा श्रमिकों से भरा ट्रैक्टर ट्राली, एक की मौत 20 घायल

**महोबा।** जनपद में ट्रैक्टर चालक की लापरवाही श्रमिकों पर भारी पड़ गई। शनिवार की रात श्रमिकों को लेकर आ रहे ट्रैक्टर ट्राली का संतुलन बिगड़ने से पलट गया। हादसे में एक महिला श्रमिक की मौत हो गई जबकि 20 मजदूर घायल हैं। हादसे की सूचना पर एडीएम और एएसपी ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना है। घायलों के बेहतर उपचार के निर्देश दिए हैं। जनपद के श्रीनगर कस्बा निवासी 40 से ज्यादा श्रमिक ननौरा गांव मजदूरी करने के लिए गए थे। शनिवार की रात को ननौरा से वापस लौट रहे थे। तभी बेलाताल श्रीनगर मार्ग में चितैयन गांव के पास चालक की लापरवाही से ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया। सड़क किनारे जाकर पलट गया। हादसे में एक महिला श्रमिक विमला पत्नी पूरन लाल की मौत हो गई। 19 श्रमिक घायल हो गए हैं। घायलों में विनीता(28), राजाबाई(60), हीराबाई (60), इंद्रावती (46), रमेश (32), ओमवती (38), केशकली (15), पुष्पा, सलीमा, कमला देवी (50), सोहन, विमला, रेखा (35), पूजा, नीलम (41), हीरा (49), निशा (13), स्वामीदीन, मोहिनी, तीजा और जियालाल आदि घायल हुए हैं। घायलों में हीरा, नीलम, पुष्पा, मोहिनी, राजाबाई को मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया है। सभी घायल श्रीनगर के हैं। घटना की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह, एडीएम रामप्रकाश, एसडीएम सदर जितेंद्र सिंह, सीओ सिटी दीपक दुबे ने अस्पताल पहुंचकर घायलों से जानकारी हासिल की।

## पुलिस मुठभेड़ में एक गौ तस्कर के पैर में लगी गोली, एक अन्य गिरफ्तार

एजेंसी

**लखीमपुर खीरी ।** पुलिस और एसओजी की टीम ने रविवार की सुबह दो गौ तस्करों को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है, जबकि तीन बदमाश मौके से फरार हो गए हैं। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने 2 कुंतल गौ मांस भी बरामद किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली धौरहरा क्षेत्र के अंतर्गत खमरिया क्षेत्र में ग्राम सरसवा के पास पुलिस को तस्करों के होने की सूचना मिली। मुखबिर की सूचना पर थाना पुलिस ने एसओजी की टीम के साथ घेराबंदी की और धौरहरा खमरिया के बीच बदमाशों और पुलिस में मुठभेड़ हुई। इस दौरान गौ तस्कर गुलशेर के पैर में गोली लग गई। वहीं वकील अहमद नाम के बदमाश को टीम ने गिरफ्तार कर लिया। तीन अन्य बदमाश मौके से भागने में सफल रहे। उनकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। पुलिस ने एक चार पहिया वाहन, दो कुंतल गौ मांस भी बरामद किया है। बताते हैं कि बदमाश बरेली व शाहजहांपुर में इसे आयात करते थे। दो दिन पूर्व भी गुलशेर ने खमरिया और धौरहरा में ही गौकशी की घटना को अंजाम दिया था। धौरहरा सीओ पीपी सिंह ने बताया कि सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पकड़े गए बदमाश को जेल भेज दिया है। वहीं घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

# लातूर के छात्रावास में फूड प्वॉइजनिंग से 60 छात्राएं बीमार

एजेंसी




**मुंबई।** लातूर शहर के पुरनमल लाहोटी सरकारी तंत्रनिकेतन संस्थान के छात्रावास में 60 छात्राएं बीती रात भोजन के बाद फूड प्वॉइजनिंग से बीमार हो गई हैं। इन सभी को तत्काल विलासराव देशमुख मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती करवाया गया। अस्पताल के प्रमुख डॉ. उदय मोहित ने बताया कि छात्राओं की तबीयत में तेजी से सुधार हो रहा है। घटना की छानबीन शिवाजीनगर पुलिस स्टेशन की टीम कर रही है। जानकारी के अनुसार पूरणमल लाहोटी सरकारी तकनीकी संस्थान लातूर शहर में औसा रोड पर स्थित है। इस कॉलेज के हॉस्टल में 324 लड़कियां रहती हैं। शाम 7 बजे लड़कियों ने चावल, चपाती, भिंडी व भाजी भोजन किया। इसके बाद करीब 8.30 बजे कुछ लड़कियों को उल्टी होने लगी। घटना की जानकारी मिलने के बाद कॉलेज के प्रिंसिपल तुरंत हॉस्टल पहुंचे और तुरंत मेडिकल कॉलेज से संपर्क किया। एम्बुलेंस मंगा कर रात एक बजे तक करीब 60 छात्राओं को भर्ती कराया गया।

डॉ. उदय पाटिल ने रविवार को बताया कि छात्राओं के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। सभी छात्राएं खतरे से बाहर हैं। भोजन के नमूने लेकर पुलिस ने जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजा है। जो भी दोषी पाया जाएगा, संस्थान प्रशासन उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई करेगा। घटना की जानकारी मिलते ही लातूर के सांसद डॉ. शिवाजी कालगे ने मेडिकल कॉलेज का दौरा किया और प्रभावित छात्राओं के बारे में जानकारी ली। कालगे ने जिला कलेक्टर वर्षा ठाकुर घुगे से चर्चा की है। जिला कलेक्टर वर्षा ठाकुर ने भी मामले की छानबीन करने का निर्देश अधिकारियों को दिया है।

# मां विंध्यवासिनी के कूष्मांडा स्वरूप का दर्शन पाकर निहाल हुए भक्त, विंध्य पर्वत गुलजार

एजेंसी



**मीरजापुर।** ब्रह्मांड की रचना करने वाली देवी भगवती मां विंध्यवासिनी के चौथे स्वरूप मां कूष्मांडा की पूजा अर्चना रविवार को श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से की। शारदीय नवरात्र के चौथे दिन भक्तों का हुजूम मां विंध्यवासिनी धाम के साथ ही मां अष्टभुजा व मां काली के दरबार में उमड़ पड़ा। विंध्यधाम में भोर की मंगला आरती के बाद से दर्शन-पूजन का दौर शुरू हुआ, जो अनवरत चलता रहा।

विंध्यधाम में पिछले तीन दिनों की अपेक्षा आज अधिक भीड़ रही। चौथे दिन सुबह पचास हजार से अधिक भक्तों ने मां की चौखट पर हाजिरी लगाई। भक्त बड़े ही भक्ति-भाव से मां का जयकारा लगा रहे थे। भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। मां कूष्मांडा का विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर मंगलकामना की। कुष्मांडा देवी को हरी इलायची, सौंफ और कुम्हड़े का भोग लगाया गया। मां विंध्यवासिनी के दर्शन-पूजन के बाद भक्तों ने मंदिर परिसर पर विराजमान समस्त देवी-देवताओं के चरणों में मत्था टेका। इसके बाद विंध्य पर्वत पर विराजमान मां अष्टभुजा व मां काली के दर्शन को निकल पड़े। यहां पहुंचने के बाद दर्शन-पूजन कर भक्तों ने त्रिकोण परिक्रमा की। नवरात्र के चौथे दिन बरतर तिराहा से थाना कोतवाली रोड होते हुए मंदिर, अमरावती चौराहा से बंगाली तिराहा व बरतर से लेकर रोडवेज तक श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। नगर पालिका की ओर से साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त कर लिया गया है। इससे श्रद्धालुओं को कठिनाईयों का सामना नहीं करना पड़ा।

### देवी कूष्मांडा का ऐसा है अद्भुत स्वरूप

देवी कूष्मांडा का स्वरूप मंद-मंद मुस्कराहट वाला है। कहा जाता है कि जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था तो देवी भगवती के इसी स्वरूप ने मंद-मंद मुस्कराते हुए सृष्टि की रचना की थी। इसीलिए ये ही सृष्टि की आदि-स्वरूपा और आदिशक्ति हैं। देवी कुष्मांडा का निवास सूर्यमंडल के भीतर के लोक में माना गया है। वहां निवास कर सकने की क्षमता और शक्ति केवल देवी के इसी स्वरूप में है। मां के शरीर की कांति और प्रभा भी सूर्य के समान ही है। देवी कूष्मांडा के इस दिन का रंग हरा है। मां के सात हाथों में कमंडल, धनुष, बाण, कमल-पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र और गदा है। वहीं आठवें हाथ में जपमाला है, जिसे सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली माना गया है। मां का वाहन सिंह है।

## महंत के नफरती बयानबाजी से पूरे देश में अशांति : मायावती



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने रविवार को एक्स पर कहा कि गाजियाबाद में डासना देवी मन्दिर के महंत ने इस्लाम मजहब के खिलाफ फिर से नफरती बयानबाजी की है। इसकी वजह से पूरे इलाके में और देश के कई हिस्सों में भी अशान्ति और तनाव की स्थिति उत्पन्न है। पुलिस प्रदर्शनकारियों के खिलाफ तो कार्रवाई की कर रही है लेकिन मूल दोषी भयमुक्त हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान धर्मनिरपेक्षता अर्थात सभी धर्मों का बराबर आदर-सम्मान की गारण्टी सुनिश्चित करता है। अतः केन्द्र व राज्य सरकारों की जिम्मेवारी है कि वे इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करें ताकि देश में शान्ति रहे तथा विकास भी बाधित न हो।

## फतेहाबाद : पति और सास नहीं करते थे पसंद, महिला ने मायके में लगाई फांसी

**फतेहाबाद।** जिले के रतिया क्षेत्र के गांव अलीका में 25 वर्षीय महिला ने ससुरालजनों से तंग आकर अपने मायके में घर मे बने कमरे की छत पर लगे गाडर से चुनी से फांसी लेकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। इस बारे सूचना मिलते ही सदर रतिया पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।रविवार को मृतका का पोस्टमार्टम किया गया। इस मामले में सदर पुलिस ने मृतक महिला के भाई की शिकायत पर उसके पति व सास के खिलाफ महिला को आत्महत्या के लिए मजबूर करने सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव अलीका निवासी रमेश कुमार ने कहा है कि उसकी 25 वर्षीय छोटी बहन रमन रानी की शादी 10 मार्च 2023 को पंजाब के खनौरी में सीएससी सेंटर मे काम करने वाले गुरप्रीत सिंह पुत्र रामफल के साथ हुई थी। रमेश ने आरोप लगाया कि शादी के कुछ दिन बाद उसकी बहन घर आई तो उसने बताया कि उसे उसका पति गुरप्रीत पसंद नहीं करता तथा उसकी सास संतरो भी बार-बार उसे ताने मारती है, जिसके चलते उनके घर में अक्सर घरेलू झगड़ा रहता था।

# सुलतानपुर में 172 साल पहले शुरू हुई थी लालटेन की रोशनी में रामलीला

एजेंसी



**सुलतानपुर।** कुश की नगरी में आज भी राम सनातनियों के घर-घर भगवान श्रीराम पूजनीय हैं। जिले भर में 50 से अधिक जगहों पर दशहरा के पहले रामलीला का मंचन कर उनके आदर्शों को दिखाया जाता है। श्रीराम की जन्म भूमि अयोध्या के निकट का जिला होने के कारण प्रभु श्रीराम के प्रति यहां के लोगों में अगाध श्रद्धा और विश्वास है। ऐसे में जिले की पुरानी रामलीला की बात करें तो इसौली में सन 1852 से लगातार मंचन किया जा रहा है। शुरूआत में यहां साउंड की कोई व्यवस्था नहीं थी। लालटेन की रोशनी से उजाला किया जाता था। 11 दिन के मंचन में भगवान श्रीराम के सभी चरित्रों का बखान कर दिया जाता है। अधिकतर पात्र सरकारी नौकरी करने वाले लोग होते हैं जो मंचन के लिए छुट्टी लेकर घर आते हैं।

श्री-श्री 1008 बाबा सुचित दास के संरक्षण में राम सनेही पाठक, अयोध्या प्रसाद, गया प्रसाद जोशी व नन्हेलाल कौशल द्वारा 20 कलाकारों को लेकर पहली बार रामलीला का मंचन किया गया था। तब आज की तरह बिजली नहीं थी तो लालटेन व मिट्टी के तेल से जलने वाली गैस से उजाला किया जाता था। उस समय आसपास से लगभग तीन हजार से अधिक लोग रामलीला का मंचन देखने आते थे। स्वेच्छा से दिए गए दान से खर्च निकलता था। इस बार यहां की रामलीला तीन अक्टूबर से शुरू है। 40 पात्रों का चयन कर लिया गया, जिसमें 15 पात्र सरकारी नौकरी करने वाले बाहर के लोग हैं। कोई सेना, शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग तो कोई सचिवालय में नियुक्त है। वे मंचन की शुरूआत होने के पहले आ गए ।

अध्यक्ष घनश्याम मिश्र ने बताया कि मंचन करने वाले सभी लोग हर भूमिका के लिए तैयार रहते हैं। दो दिन पहले निर्धारित हो जाता है कि किसको कौन सा अभिनय करना है। मंत्री देवी शंकर श्रीवास्तव कहते हैं कि पुरानी परंपराओं को जीवित रखना ही हम लोगों का उद्देश्य है। नई पीढ़ी भी अपने आराध्य को जानें और उनके चरित्र का अनुसरण करें। संचालक आचार्य सूर्यभान पांडेय ने बताया कि वर्षों से चली आ रही इस पारंपरिक रामलीला के संचालन स्वेच्छा से दिए गए दान से किया जाता है। तैयारी आदि में लगभग एक लाख रुपये खर्च हो जाते हैं।

यहां पर लगभग 10 वर्ष से रावण का अभिनय करने वाले बृजेश जोशी अधिवक्ता हैं। रामजी जोशी राजा दशरथ, रमेश श्रीवास्तव सूपर्णखा, बद्री विशाल मिश्र मंथरा, विष्णु कुमार जोशी हनुमान जी की भूमिका निभाएंगे। इसके अलावा शिवाकांत पांडेय अंगद व सुमंत का अभिनय करने वाले जितेंद्र श्रीवास्तव शिक्षक हैं। कुंभकर्ण की भूमिका वाले आशीष मिश्र व राजा जनक का किरदार निभाने वाले अमर मिश्र सेना में हैं। वहीं, शिवम जोशी परशुराम तो प्रहलाद जोशी मेघनाथ का रोल अदा करेंगे। श्रीराम चरित मानस की चौपाइयों के साथ यहां की रामलीला कराई जाती है। आसपास के लोगों की भीड़ देखकर आयोजक से लेकर पात्रों का उत्साह दोगुना हो जाता है। आयोजन कमेटी का कहना है कि ऐसे कार्यक्रम से क्षेत्र में एकजुटता का संदेश जाता है। आने वाली पीढ़ी को भगवान श्रीराम के चरित्र के बारे में जानकारी मिलती है।

## न्यूज IN बिजनेस

### सेंसोडायन ने विश्व डेंटिस्ट दिवस के अवसर पर एआई-पॉवर्ड पर्सनालाईज्ड वीडियो द्वारा डेंटिस्ट की भूमिका को किया सम्मानित

**रांची :** हाउस ऑफ हेलिऑन (पूर्व में ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन कंज्यूमर हेल्थकेयर) ने देश में एक इनोवेटिव डिजिटल कैंपेन शुरू किया है, जिसमें एआई का उपयोग करके पूरे देश में डेंटिस्ट्स के वीडियो बनाए गए हैं। इन वीडियो में ओरल हैल्थ में सुधार लाने और लोगों के दैनिक अनुभव खुशनुमा बनाने में उनकी भूमिका प्रदर्शित की गई है।इस अभियान के लिए एआई की मदद से डेंटिस्ट्स के 4000 कस्टमाईज्ड वीडियो बनाए गए हैं, जो उन्हें ह्यडॉक्टर्स ऑफ जॉयह्न के रूप में सम्मानित करते हैं। ये व्यक्तिगत वीडियो लोगों की ओरल हैल्थ की समस्याओं को ठीक करके उन्हें खुशी के क्षण प्रदान करने और खुशी फैलाने में डेंटिस्ट की भूमिका के लिए उनका आभार प्रकट करते हैं। ये वीडियो विभिन्न शहरों में साझा किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य लोगों के जीवन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को प्रदर्शित करना है। ये वीडियो देश के 800 पिनकोड्स में वितरित किए जाएंगे, साथ ही यूट्यूब जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर भी प्रसारित किए जाएंगे, जो मेट्रो, टियर 1 और टियर 2 शहरों के 3.8 करोड़ से ज्यादा ग्राहकों तक पहुँचेंगे। Haleon में कैटेगरी लीड- ओरल हैल्थकेयर, किश्लय सेठ ने कहा, "Sensodyne में हम लोगों को स्वस्थ और खुशनुमा जीवन प्रदान करने में डेंटिस्ट की महत्वपूर्ण भूमिका को समझते हैं। इस विश्व डेंटिस्ट दिवस के अवसर पर हम लोगों के जीवन में खुशी लाने के लिए डेंटिस्ट्स को सम्मानित करना और उनका आभार व्यक्त करना चाहते हैं। व्यक्तिगत वीडियो बनाकर हमारा उद्देश्य हर डेंटिस्ट के योगदान को सम्मानित करना और उन्हें यह दिखाना है कि वो लोगों के ओरल स्वास्थ्य एवं संपूर्ण सेहत में सुधार लाने में कितनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये वीडियो दिलचस्प डिजिटल अभियानों द्वारा ओरल हैल्थ में सुधार लाने के "Sensodyne के निरंतर प्रयासों को आगे बढ़ा रहे हैं। इन व्यक्तिगत वीडियो के अलावा सेंसाडाईन ने चार शॉर्ट फिल्में भी रिलीज की हैं, जिनमें लोगों को जीवन के बहुमूल्य क्षणों का आनंद लेने में समर्थ बनाने की डेंटिस्ट की महत्वपूर्ण भूमिका प्रदर्शित होती है।

### एमेजॉन ने देश में डिलीवरी क्षमताएं बढ़ाने के लिए इंडिया पोस्ट के साथ एमओयू पर दस्तखत किए

**रांची :** एमेजॉन ट्रांसपोर्टेशन सर्विसेज प्राईवेट लिमिटेड (एमेजॉन इंडिया) ने आज देश में अपने लॉजिस्टिक्स नेटवर्क को मजबूत बनाने के लिए पोस्टल विभाग (इंडिया पोस्ट) के साथ एक मेमोरैंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर दस्तखत किए। एमेजॉन के ग्राहक केंद्रित और टेक्नोलॉजिकल कौशल के साथ इंडिया पोस्ट के अंतिम छोर तक पहुँच रखने वाले डिलीवरी नेटवर्क और दशकों की विशेषज्ञता की मदद से यह गठबंधन ई-कॉमर्स लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में नए मानक स्थापित कर देगा। इस एमओयू के अंतर्गत ये दोनों अपने लॉजिस्टिक्स नेटवर्क में क्षमता को साझा करने, संसाधनों के ज्यादा प्रभावी उपयोग और एफिशियंसी बढ़ाने के लिए सुगम इंटीग्रेशन और ज्ञान के आदान-प्रदान द्वारा अपने ऑपरेशंस में तालमेल बनाएंगे। इस गठबंधन द्वारा दोनों संगठनों का विकास होगा तथा एमेजॉन के ग्राहकों के लिए डिलीवरी के अनुभव में सुधार आएगा। खासकर दूरदराज और ग्रामीण हिस्सो के ग्राहकों को इस साझेदारी का विशेष लाभ मिलेगा। पिछले 2 से 3 सालों में एमेजॉन के लॉजिस्टिक्स नेटवर्क में इंडिया पोस्ट की पहुँच बढ़कर दोगुनी से ज्यादा हो गई है, जिसके पिकअप पॉईंट देश में 6 स्थानों से बढ़कर 13 स्थानों तक पहुँच गए हैं। एक अन्य पहल में एमेजॉन इंडिया पोस्ट के साथ एंड-टू-एंड इंटीग्रेटेड कैश-ऑन डिलीवरी समाधान प्रदान करने वाली पहली कंपनी बन गई। इन पहलों एवं अन्य सुधारों के साथ पिछले 18 महीनों में इंडिया पोस्ट द्वारा डिलीवर किए जाने वाले एमेजॉन के पार्सल बढ़कर लगभग 3 गुना हो गए हैं।एमेजॉन इंडिया के वीपी, ऑपरेशंस, अभिनव सिंह ने कहा, ह्यह्यभारत में इंडिया पोस्ट के साथ हमारी साझेदारी ने भारत में एमेजॉन की वृद्धि में मुख्य भूमिका निभाई है। इसने ई-कॉमर्स को पूरे देश में पहुँचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। भारत में दशकों से सेवा दे रहे इस प्रतिष्ठित संगठन के साथ हमारी पार्टनरशिप के साथ हम लॉजिस्टिक्स और कस्टमर सेवा के क्षेत्र में लगातार कई सालों तक नए मानक स्थापित करते रहेंगे। यह पार्टनरशिप सरकार द्वारा अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और प्रक्रियाओं द्वारा इंडिया पोस्ट की सेवाओं और पहुँच का विस्तार एवं आधुनिकीकरण करने के लक्ष्य के अनुरूप है। आज दस्तखत किए गए इस एमओयू के साथ मुझे विश्वास है कि हमारे इस गठबंधन के नए चरण की शुरूआत होगी, और हम सबसे अच्छी सेवाएं प्रदान करने में समर्थ बनेंगे। एमेजॉन की प्रतिबद्धता और पूरे देश में इंडिया पोस्ट की पहुँच के साथ हम ई-कॉमर्स लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में नए मानक स्थापित कर देंगे। हम भारत में ग्राहकों और समुदायों की सेवा करने में नई उपलब्धियाँ हासिल करते रहने के लिए आशान्वित हैं।

### कैम्पस एक्टिववियर ने विक्रांत मैसी को बनाया ऑटम विंटर 2024 कलेक्शन का नया ब्रांड एंबेसडर

**रांची:** भारत के सबसे बड़े खेल और एथलेटिक फुटवियर ब्रांडों में से एक, कैम्पस एक्टिववियर, ने भारतीय फिल्म अभिनेता विक्रांत मैसी को अपना नया ब्रांड एंबेसडर घोषित किया है। कैम्पस और विक्रांत मैसी के बीच यह साझेदारी स्टाइल, बहुमुखी प्रतिभा और आत्म-अभिव्यक्ति का एक बेहतरीन मिश्रण है—जो अभिनेता और ब्रांड, दोनों की पहचान का प्रतीक है। विक्रांत मैसी ऑन-स्क्रीन अपनी शानदार परफॉर्मेंस और ऑफ-स्क्रीन अपने आकर्षक और सहज व्यक्तित्व के लिए जाने जाते हैं। उनकी यात्रा, जो टेलीविजन से लेकर समीक्षकों द्वारा प्रशंसित फिल्मों तक फैली है, ठीक उसी तरह है जैसे कैम्पस एक्टिववियर का सफर, जो आज देश के सबसे बड़े एथलेजर ब्रांड्स में शुमार है। उनके अनूठे व्यक्तित्व और अभिनय का हर पहलू, कैम्पस एक्टिववियर के महत्व और आधुनिक युवाओं के जोश और जुनून से मेल खाता है। कैम्पस एक्टिववियर के सीईओ, निखिल अग्रवाल ने कहा, 'विक्रांत मैसी का बहुमुखी व्यक्तित्व आज के युवाओं और उभरते कलाकारों के लिए एक प्रेरणा है। उनका सहज आकर्षण और सरलता कैम्पस एक्टिववियर के मूल्यों का प्रतीक हैं। हमारा मानना ??है कि विक्रांत के साथ यह सहयोग हमारे दर्शकों को अपने व्यक्तित्व को आत्मविश्वास के साथ अपनाने के लिए प्रेरित करेगा, जैसा कि विक्रांत हर दिन करता है।' विक्रांत मैसी ने इस साझेदारी को लेकर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, 'मैंने हमेशा माना है कि स्टाइल किसी व्यक्ति के असली स्वयं का प्रतिबिंब होता है। मैं बेहद खुश हूं कि मुझे कैम्पस एक्टिववियर जैसे स्वदेशी ब्रांड के साथ जुड़ने का मौका मिला, जो न केवल आरामदायक बल्कि फैशन-फॉरवर्ड भी है। यह एक ऐसा ब्रांड है जो आज के युवाओं के लिए फैशन स्टेटमेंट बन चुका है।'

### ओला इलेक्ट्रिक की 'बॉस- बिगेस्ट ओला सीजन सेल' शुरू हुई, एस1 पोर्टफोलियो 49,999 रुपये से शुरू

**रांची :** भारत की सबसे बड़ी प्योर-प्ले ईवी कंपनी, ओला इलेक्ट्रिक ने आज त्योहारों के लिए अपना सबसे बड़ा ओला सीजन सेल, बॉस शुरू किया। इस अभियान के अंतर्गत एस1 पोर्टफोलियो 49,999 रुपये की न्यूनतम राशि में उपलब्ध हो रहा है। साथ ही, कंपनी ने 37,000 रुपये तक के फेस्टिव बेनेफिट्स की घोषणा भी की है, जिनमें हाईपरचार्जिंग क्रेडिट्स, मूवओएस+अपग्रेड, एक्सेसरीज पर एक्सक्लुसिव डील और केयर+ के साथ कई आकर्षक ऑफर शामिल हैं।कंपनी आज से अपने बॉस अभियान के अंतर्गत निम्नलिखित बेनेफिट्स प्रदान करेगी।बॉस के दौरान मूल्य: ओला एस1 एक्स 2 किलोवॉट घंटा का मूल्य 49,999 रुपये से शुरू (सीमित स्टॉक के लिए) बॉस के दौरान डिस्काउंट: एस1 पोर्टफोलियो पर 25,000 रुपये तक का डिस्काउंट - एस1एक्स 2 किलोवॉटघंटा पर 25,000 रुपये का फ्लैट डिस्काउंट, एस1 पोर्टफोलियो पर 12,000 रुपये तक के डिस्काउंट। बॉसके दौरान वॉरंटी: 7,000 रुपये मूल्य की 8 साल/80,000 किलोमीटर की बैटरी वॉरंटी निशुल्क। बॉसके दौरान फाईनेंस ऑफर: चुनिंदा क्रेडिट कार्ड ईएमआई पर 5,000 रुपये तक के फाईनेंस ऑफर। बॉसके दौरान बेनेफिट्स: 6,000 रुपये मूल्य का मूवओएस+ अपग्रेड निशुल्क; 7,000 रुपये मूल्य के हाईपरचार्जिंग क्रेडिट निशुल्क। इस अभियान के बारे में भाविश अग्रवाल, चेयरमैन एवं एमडी, ओला इलेक्ट्रिक ने कहा, ह्यह्यहम इन त्योहारों पर सभी ऑफरों के साथ बॉस शुरू करने के लिए उत्साहित हैं। यह ईवी खरीदने का सबसे अच्छा समय है। बॉस हमारी अब तक की सबसे बड़ी फेस्टिव पेशकश है, जिसके साथ हम अपना #EndICEAge मिशन आगे बढ़ा रहे हैं और देश में ईवी का विस्तार कर रहे हैं। सबसे बड़े डिस्काउंट, सबसे अच्छी डील्स और आकर्षक फाईनेंसिंग ऑफरों के साथ यह महंगे पेट्रोल वाहनों को पीछे छोड़ते हुए ईवी के विस्तार के लिए सबसे अच्छा समय है।

न्यूज ब्रीफ



## अनाधिकृत रेलवे टिकट को लेकर छापेमारी

**मुरी :** आरपीएफ पोस्ट मुरी,ओपी आरएमटी और सीआईबी,आरपीएफ,रांची द्वारा संयुक्त छापेमारी की गई। ज्ञात हो कि मोटोला, चितरपुर, पीएस-रजरप्पा, जिला-रामगढ़ (झारखंड) में जोहान टूर एंड ट्रैवल्स द्वारा किए जा रहे अनधिकृत रेलवे टिकट कारोबार को निशाना बनाना था। छापेमारी में व्यक्तिगत आईडी का उपयोग करके बुक किए गए 17736.50/- रुपये मूल्य के 09 पुराने और प्रयुक्त रेलवे ई-टिकट बरामद किए गए। जिसमे चितरपुर निवासी, मोहम्मद तनवीर, उम्र 26 वर्ष, को गिरफ्तार किया गया। जिसने पर्सनल आईडी क्ल्ल्लिल0011 का उपयोग करके अनधिकृत व्यवसाय संचालित चला रहा था।एएसआई एस.के. गुप्ता ने 09 रेलवे ई-टिकट, एक सोनी लैपटॉप और एक मोबाइल फोन (रेडमी-11टी) जब्त किया। रेलवे अधिनियम की धारा 143 के तहत रेलवे अधिनियम की धारा 179( ) के तहत मोहम्मद तनवीर को जब्त के साथ आरपीएफ पोस्ट मुरी लाया गया, जहां एएसआई एस.के. गुप्ता ने एक लिखित शिकायत प्रस्तुत की। धारा 143 रेलवे अधिनियम के तहत 04.10.2024 को संख्या 1790/2024 के रूप में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को आरजेएम कोर्ट रांची भेज दिया गया।इस छापे मारी में एसआई बसंता मलिक, आरपीएफ पोस्ट मुरी, एसआई विकास कुमार, सीआईबी आरएनसी एएसआई,एस.के. गुप्ता, सीआईबी आरएनसी एएसआई,कृष्णा रे, आरपीएफ, ओपी, आरएमटी एचसी संतोष कुमार, आरपीएफ ओपी आरएमटी सादर शामिल थे।

## उपायुक्त के माध्यम से सरकार को ज्ञापन : देवेंद्रनाथ महतो



**रांची:** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा संचालित सीजीएल परीक्षा में प्रश्नपत्र लिक आउट होने का मामला जोर पकड़ लिया है। छात्र आंदोलन को लेकर सड़क पर उतर आए हैं। आज रविवार को दिनभर अपने मांग को लेकर डिजिटल एक्स ट्विटर अभियान में जमे रहे। एवं अपने हेचटेक को ट्रेंड में रखा। झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन द्वारा कल सोमवार को राजधानी रांची सहित सभी जिला मुख्यालयों शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया जाएगा एवं उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री,राज्यपाल एवं जेएसएससी अध्यक्ष को लिखित ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा। छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो आंदोलन का नेतृत्व करते हुए मीडिया वार्ता में कहा की क्वेश्चन रिपीटेशन एवं प्रश्नपत्र लीक आउट को संज्ञान में लेते हुए राज्य सरकार तत्काल परीक्षा को रद्द करें। बताते चलें कि बीते शनिवार को राज्य के लगभग सभी जिला में सीजीएल परीक्षा रद्द के मांग के साथ मुख्यमंत्री एवं जेएसएससी अध्यक्ष का पुतला दहन एवं मसाल जुलूस किया गया। 21और 22 सितंबर को राज्य विभिन्न परीक्षा केंद्रों में ऑफलाइन यह परीक्षा संचालित किया गया था। जिसके साथ ही प्रश्नपत्र लीक आउट का विवाद लगातार पर बना हुआ है। आज के ट्विटर अभियान में छात्र, अभिभावक सहित विभिन्न कोचिंग संचालक शिक्षको ने भी अपना समर्थन दिखाया।

## सीएम हेमंत ने जनता से किए वादों को धरातल पर उतारा : मथुरा महतो

**धनबाद :** तोपचांची प्रखंड कार्यालय में शनिवार को मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशियली योजना के तहत ग्रामीण उपभोक्ताओं के बीच बिजली बिल माफी का प्रमाणप्रत बांटा गया। प्रखंड सभागार में आयोजित समारोह में टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने उपभोक्ताओं को बिजली माफी का प्रमाणपत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जनता से किए वादों को धरातल पर उतरने का काम किए है। सरकार ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को हर महीना 200 यूनिट बिजली मुफ्त दे रही है। जो भी उपभोक्ता महीने में 200 यूनिट तक बिजली की खपत करते हैं, उनका बिजली बिल माफ किया जा रहा है। सरकार बिजली बिल माफी को लेकर ग्रामीणों को प्रमाणपत्र भी दे रही है। यह प्रमाण पत्र प्रमाणित करता है कि उपभोक्ता का बिजली बिल माफ किया गया है।

उन्होंने पूर्ववर्ती सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि रघुवर सरकार ने राज्य में सिर्फ हाथी उड़ने का काम किया। वहीं, हेमंत सरकार मंईयां सम्मान योजना के तहत हर घर की दो-तीन महिलाओं को योजना के तहत हर महीने 1000-1000 रुपए सम्मान राशि दे रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने 1932 का खतियान लागू कराने का प्रयास किया, लेकिन विपक्ष ने कोर्ट का सहारा लेकर इसे रोकवा दिया। हेमंत सरकार राज्य का लगातार विकास कर रही है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि जगदीश चौधरी, बीस सूत्री अध्यक्ष विकास तिवारी, तोपचांची सीओ डॉ संजय कुमार, बीडीओ फणीश्वर रजवार, सहायक विधुत अभियंता संतोष मंडल आदि उपस्थित थे।

## झारखंड में विपक्ष उतार रहा धनकुबेरों की फौज : केशव महतो कमलेश

**जगन्नाथपुर :** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा है कि हमने हमेशा झारखंडियों के हितों की बात की है। इस चुनावी समर को जीतने के लिए झारखंड में विपक्ष द्वारा धन कुबेरों की फौज उतारी जा रही है। ऐसे व्यापारियों से सावधान रहने की जरूरत है। वे शनिवार को जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, पिछली भाजपा सरकार ने झारखंड के जल, जंगल, जमीन का सौदा करने वालों के हित साधने के लिए भूमि सुधार कानून में बदलाव किया। लैंड बैंक की स्थापना की। झारखंड में स्थापित पावर प्लांट से बांग्लादेश को बिजली दी जाती है और बकाया के नाम पर झारखंड की बिजली काटी जाती है, ऐसे वोटो के सौदागरों को झारखंड से खदेड़ना होगा।

**अडानी और अंबानी के इशारे पर चलती है केंद्र सरकार :** आज देश में भाजपा की सरकार दो पूंजीपतियों अडानी और अंबानी के इशारे पर चल रही है। उन्हीं के लिए बीजेपी झारखंड की सत्ता हथियाना चाहती है। हमारी गठबंधन सरकार किसानों का दो लाख रुपए ऋण माफ करती है और भाजपा किसानों पर गोलियां चलवाती है। महागठबंधन सरकार की मईया सम्मान योजना सहित पूर्व से चली आ रही है योजनाओं के कारण भाजपा चुनावी मुद्दे नहीं बना पा रही है इससे उनके नेता हताश हो गये हैं।

**किसने कहां जनसंवाद में लिया हिस्सा :** प्रदेश कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे जनसंवाद अभियान-लक्ष्य 2024 के तहत कोल्हान प्रमंडल में जगन्नाथपुर विधानसभा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल के धनबाद,झरिया, बाघमारा में चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष सुबोध कांत सहाय हजारीबाग में पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पलामू प्रमंडल के रमना, बिशुनपुरा एवं मझियांव में विधायक दल नेता डॉ रामेश्वर उरांव, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के सिमडेगा,कोलेबिरा में डॉक्टर प्रदीप कुमार बालमुचू द्वारा सभाओं के माध्यम से आम जनता के साथ संवाद किया गया।

# पैसे के बल पर पूरे देश में राज करना चाहती है भाजपाः हेमंत

मेट्रो रेज




**जमशेदपुर :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि भाजपा पैसे के बल पर पूरे देश पर राज करना चाहती है। आज जब वर्तमान सरकार में गरीबों का सम्मान हो रहा है, तो यह भाजपा को पच नहीं रहा। इसको रोकने के लिए तमाम हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। सीएम हेमंत सोरेन शनिवार को जमशेदपुर के बालीगुमा में आयोजित एमजीएम मेडिकल कॉलेज अस्पताल के नये भवन के उद्घाटन व ओपीडी सेवा के शुभारंभ समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि रांची में भी एक नये मेडिकल कॉलेज की आधारशिला जल्द ही रखी जाएगी।

सीएम ने कहा कि अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन देने वाले मेडिकल के छात्रों को भी उन्होंने मंच से आश्वस्त किया कि एक महीने के अंदर उनकी समस्याओं का समाधान हो जाएगा। कहा कि आज कोल्हान के लिए ऐतिहासिक दिन है। भव्य अस्पताल जनता को समर्पित किया गया। उन्होंने कहा कि हम अपनी खनिज संपदा से पूरे देश का पेट भरते हैं। लेकिन, हमारे लोगों के पास रहने को घर, खाने को अनाज, पहनने को कपड़ा व रोजगार तक नहीं है। तब हमने कानून बनाया कि यदि झारखंड में कोई भी उद्योग लगेगा तो उसमें 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को भर्ती करना ही पड़ेगा।

**हर तरह से हमारी टांग खिंचाई हुई**

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के दो साल कोरोना खा गया। दो साल भाजपा ने मेरे साथ चोर-पुलिस का खेल खेला। हर तरह से हमारी सरकार की टांग खिंचाई की गई। कभी किसी को तो कभी किसी को पैसे के बल खरीद लेने के शिगूफे छोड़े गए, ताकि हमारी सरकार अस्थिर हो जाए। भाजपा पैसे के बल पर पूरे देश पर राज करना चाहती है, इस खेल के जरिए उसने जगजाहिर कर दिया है। आज जब हमारी सरकार महिलाओं का सम्मान कर रही है, तो फिर भाजपा के लोग नये-नये शिगूफे छोड़ रहे हैं। हम 32 के खतियान के आधार पर नौकरी देने की बात करते हैं, तो ये लोग कोर्ट चले जाते हैं। अब भाजपा के लोग गांव-गांव घूम कर महिलाओं को 2100 रुपए प्रति माह देने के लिए फॉर्म भरवा रहे हैं। जनता को ये देखना है कि पड़ोसी राज्य ओडिशा में भाजपा मंईयां-बहनों का कितना सम्मान कर रही है और कितने रुपए प्रति माह दे रही है। भाजपा ने विदेशों से काला धन लाकर सबके खाते में 15-15 लाख रुपए देने का शिगूफा छोड़ कर सबका खाता खुलवा दिया, किसको कितने लाख मिले, ये आप लोग तय कीजिए।

**अब ये गरीब राज्य कीर्तिमान बना रहा**

उन्होंने कहा कि हमारे गांव कितने गरीब हैं, यह मुझे बहुत अच्छी तरीके से पता है। अब ये गरीब राज्य नया कीर्तिमान बना रहा है। झारखंड का हर वो बुजुर्ग जो 50 वर्ष का हो गया है, हमारी सरकार उसको पेंशन दे रही है। पहले विधवा अपना पेंशन पाने के लिए महिलाएं दर-दर भटकती थीं। हमारी सरकार ने कानून बना दिया है कि कोई भी महिला जिस दिन विधवा होगी, उसी दिन से उसको पेंशन मिलना शुरू हो जाएगा। 200 यूनिट बिजली फ्री कर दिया और पुराना बिल भी माफ कर दिया।

**केंद्र हमारा बकाया दे दे, तो सबके खाते में 3-3 लाख डाल दूंगा**

उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग गांव-गांव में घूम कर रंग-बिरंगा पर्चा-कागज दिखा कर लोगों को तरह-तरह के प्रलोभन दे रहे हैं। मैं पूछता हूं जब इनकी डबल इंजन की सरकार थी तब इन्होंने गरीबों के लिए क्या किया। भाजपा के पास गरीबों को देने के लिए पैसे नहीं हैं, लेकिन अपने अरबपति दोस्तों के कर्ज माफ करने के लिए पैसे हैं। उन्होंने दावा किया कि यदि केंद्र की भाजपा सरकार झारखंड के कोयले का पैसा जो झारखंड का हक है, एक लाख 36 हजार करोड़ रुपए दे दे, तो राज्य के हर व्यक्ति के खाते में तीन-तीन लाख रुपए आएंगे। ऐसे लोगों को पहचानने की जरूरत है। चुनाव को देखते हुए भाजपा के लोग हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई, अगड़ा-पिछड़ा का उल्टा सीधा पाठ पढ़ा रहे हैं। उन्होंने जनता को ऐसे लोगों से सावधान रहने के लिए सचेत किया।

**सरकार न डरने वाली न झुकने वाली : बन्ना**

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि ये सरकार न डरने वाली है और न ही झुकने वाली। ये सरकार झारखंड को बेचने वालों के खिलाफ खड़ी है और खड़ी रहेगी। भाजपा माइंड गेम खेलती है। यदि भाजपा के लोगों में झारखंड के प्रति जरा सा भी सम्मान है, तो सरना धर्म कोड लागू करने की घोषणा करे। बाबूलाल मरांडी ने अपनी सरकार में पिछड़ों का आरक्षण 27 से घटा कर 14 प्रतिशत कर दिया था। वे सार्वजनिक रूप से माफी मांगें और फिर पिछड़ों का आरक्षण 27 प्रतिशत करने की घोषणा करें। भाजपा जुमले वाली पार्टी है। हिमंता चाइनीज आइटम हैं। लिखो और फेंको। भाजपा को अपने बाप पर भी भरोसा नहीं है, लेकिन सरकार को झारखंड की जनता पर भरोसा है।

**रिम्स जैसा सुविधाजनक होगा अस्पतालः रामदास सोरेन**

जल संसाधन मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि एमजीएम अस्पताल अब रिम्स के जैसा सुविधाजनक होगा। सरकार का काम धरातल पर दिखाई दे रहा है। योजनाएं फलीभूत हो रही हैं। पिछले 17 वर्षों में जो विकास के काम नहीं हुए थे, वे पांच साल के कार्यकाल में हेमंत सोरेन ने कर दिखाया। उन्होंने कहा कि केंद्र से या दूसरे राज्यों से भाजपा चाहे कितने भी बड़े बड़े दिग्गज बुला ले, उसका सपना हम पूरा नहीं होने देंगे।

### वैश्य मोर्चा ने आयोजित किया चेतावनी महाधरना, कल मुख्यमंत्री, राज्यपाल और मंत्रियों को फिर दिए जायेंगे मांग-पत्र

## कैबिनेट की बैठक में मांगों पर विचार करे सरकार : महेश्वर साहु

मेट्रो रेज




**रांची:** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा द्वारा अपनी लंबित मांगों को लेकर आज 6 अक्टूबर को रांची के मोरहाबादी मैदान स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा के समक्ष एक दिवसीय चेतावनी महाधरना का आयोजन किया गया। इस चेतावनी महाधरना में विभिन्न जिलों से आये वैश्य मोर्चा के केंद्रीय पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष और प्रमुख सदस्य शामिल हुए। धरना कार्यक्रम में प्रस्ताव पारित कर घोषणा की गयी कि 8 अक्टूबर को कैबिनेट की बैठक में वैश्य मोर्चा की मांगों पर विचार नहीं किया गया तो आगामी विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ गठबंधन के खिलाफ अभियान चलाने पर विचार करेगी। कल 7 अक्टूबर को एक बार फिर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, महामहिम राज्यपाल सहित राज्य के मंत्रियों को मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा जायेगा। वैश्य मोर्चा का यह चेतावनी धरना कार्यक्रम ओबीसी को 27% आरक्षण देने, शून्य जिलों में आरक्षण की व्यवस्था लागू करने, जाति आधारित जनगणना, वैश्य आयोग का गठन, छोटे दुकानदारों की 10 लाख रुपये तक की ऋण माफी, वैश्यों की लूटी गयी जमीन वापसी, वैश्यों को झूठे केस में फंसाने, प्रताड़ित करने आदि मुद्दों को लेकर आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने किया।

धरना को संबोधित करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि दर्जनों बार धरना-प्रदर्शन करके, और प्रतिनिधि मंडल मिल कर मांग-पत्र सौंपा गया है, लेकिन अफसोस की बात है कि अब तक वैश्य समाज को सभी सरकारों ने उपेक्षित करने, हाशिए पर डालने का काम किया है। श्री साहु ने कहा कि सत्तारूढ़ गठबंधन ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में कहा था कि सत्ता में आने के बाद वे लागू करेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को 31 जुलाई को वैश्य मोर्चा का उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन सौंप कर उन्हें अपने वायदे को याद भी दिलाया था। एक बार फिर आज इस धरना कार्यक्रम के माध्यम से वैश्य मोर्चा मांग करना चाहती है कि 8 अक्टूबर को होने वाली कैबिनेट की बैठक में हमारी मांगों पर विचार किया जाये। अन्यथा वैश्य मोर्चा आने वाले विधानसभा चुनाव में अपनी रणनीति बनाएगी और ठोस निर्णय लेगी। इस चेतावनी महाधरना में कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु, वरीय उपाध्यक्ष मोहन साव, रामसेवक प्रसाद, संजीव चौधरी, केंद्रीय उपाध्यक्ष सह हाइकोर्ट के अधिवक्ता योगेन्द्र प्रसाद, सहदेव चौधरी, परशुराम प्रसाद, उप प्रधान महासचिव उपेन्द्र प्रसाद, अशोक गुप्ता, केंद्रीय महासचिव कपिल प्रसाद साहु, केंद्रीय सचिव दिलीप प्रसाद, रामाशंकर राजन, संगठन महासचिव कृष्णा साहु, संगठन सचिव अनिल वैश्य, जगदीश साहु, मीडिया प्रभारी राहुल कुमार साहु, केंद्रीय सदस्य नरेश साहु, राजेन्द्र साहु, महावीर साहु, जिला अध्यक्ष रोहित साहु, युवा मोर्चा अध्यक्ष हलधर साहु, सचिव आदित्य पोद्दार, छात्र मोर्चा अध्यक्ष युवराज साहु, अविनाश कुमार, नीलू साहु आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।



## आगो मोनी शूट में शामिल हुई महिलाएं

ज्योति पाठक

**दुर्गा पूजा** विशेष को लेकर महिलाओं में एगोमोनी फोटो शूट काफी प्रचलित है महिलाऐं दुर्गा रूपी स्वरूप में तस्वीरें निकलवाती नजर आई वहीं रेल कर्मचारी की पत्नी श्रीमती नीलम कुमारी ने भी सूट में हिस्सा ले सूट को काफी आकर्षक बनाया। श्रीमती नीलम कुमारी का कहना है हमें आज के फैशनेबल दौर में भी अपने पारंपरिक वेशभूषा को नहीं भूलना है भले ही जमाना जितना मॉडर्न हो जाए हमें अपनी संस्कृति की झलक हमेशा लोगों के मध्य रखनी चाहिए। सूट में मुख्य रूप से श्रीमती नीलम कुमारी एवं उनकी पुत्री अन्वेशा आर्य फोटोग्राफर अर्जुन एवं अन्य लोग मौजूद रहे।



## एस्कॉर्ट इंटरनेशनल स्कूल में लगा विज्ञान प्रदर्शनी

**रांची:** किशोरगंज स्थित एस्कॉर्ट इंटरनेशनल स्कूल में लगा विज्ञान प्रदर्शनी स्कूल के सैकड़ो बच्चों ने बढ़-चढ़कर प्रदर्शनी में भाग लेकर विज्ञान से जुड़ी कई तरह के मॉडल को प्रस्तुत किया, स्कूल के डायरेक्टर कुणाल कश्यप ने कहा इस तरह के आयोजन से बच्चों में क्रिएटिविटी बनती है जिससे आज के इस विज्ञान के युग में बच्चे अपने आपको आगे रखने में सफल होते हैं बच्चों में उत्साह बढ़ाती है इस मौके पर स्कूल के टीचर ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया और आगे और बेहतर करने के लिए कहा।

## चक्रधरपुर के एसडीपीओ पारस राणा को दी गयी विदाई और नये एसडीपीओ का किया गया स्वागत

बिनय मिश्रा



भारतीय पुलिस सेवा 202 के आईपीएस अधिकारी पारस राणा का तबादला पुलिस मुख्यालय झारखण्ड राँची हो जाने के पश्चात उनके सम्मान में चक्रधरपुर थाना परिसर में उन्हें विदाई दी गयी। और नये अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी नलिन कुमार मराण्डी का स्वागत किया गया। इस विदाई समारोह में निवर्तमान एसडीपीओ सह सहायक पुलिस अधीक्षक पारस राणा ने कहा कि वे 4 फरवरी 2024 को पदभार ग्रहण किया था और अपने सात माह के कार्यकाल में सभी के सहयोग से उन्होंने अनुमण्डल में कार्य किया। नक्सल प्रभावित क्षेत्र में पुलिस की दबिस निरंतर बनी रही और नक्सली के विरूद्ध कारगर अभियान भी जारी रहा। सात माह का कार्यकाल और लोगों के स्नेह और अपनत्व तथा अपने अधिनस्थ पुलिस पदाधिकारी और पुलिसकर्मियों का स्नेह भी साथ लेकर जा रहे हैं। चक्रधरपुर में एसडीपीओ के रूप में उनकी पहली पदस्थापना स्थल है इसलिए यह स्थल हमेशा उन्हें याद रहेगा। इस मौके पर नवपदस्थापित एसडीपीओ नलिन कुमार मराण्डी ने कहा कि निवर्तमान अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी के कार्यों को पुर्णतः रूप से गति देंगे और आम लोगों के बीच पुलिस बेहतर संबंध भी स्थापित करेंगी। इस विदाई समारोह एवं स्वागत कार्यक्रम में मुख्य रूप से चक्रधरपुर के थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक राजीव रंजन बन्दगांव थाना के थाना प्रभारी दुर्गा शंकर मण्डल, गोईलकेरा के थाना प्रभारी कमलेश शर्मा, टेबो थाना के थाना प्रभारी बिक्रांत मुण्डा, कराईकेला के थाना प्रभारी अंकित कुमार, टोकलो थाना के थाना प्रभारी प्रमेश्वर उरांव, चक्रधरपुर महिला थाना की थाना प्रभारी शशिबाला भेंगरा के अलावे विभिन्न थाना के थाना प्रभारी और पुलिसकर्मी उपस्थित थें।

# सुरदा खान की क्षमता को बढ़ाया जाएगा : दुबे

### एचसीएल के सुरदा ताम्र खदान से उत्पादन फिर हुआ शुरू

**जमशेदपुर :** हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के सुरदा गांव स्थित ताम्र खदान का पुनः परिचालन का शुभारंभ शनिवार को केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने पूजा अर्चना के बाद माइंस के लिफ्ट का स्विच ऑन कर किया। इस मौके पर मुख्य रूप से झारखंड सरकार के जल संसाधन उच्च शिक्षा एवं तकनीकी मंत्री रामदास सोरेन, जमशेदपुर के सांसद बिद्युत बरण महतो भी शामिल थे। केंद्रीय खान मंत्री एवं अन्य अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर ताम्र अयस्क से लदे भारी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर मुसाबनी मिल के लिए रवाना किया। माइंस के लिफ्ट का स्वीच ऑन करने के बाद खड़े मंत्री और अन्य अतिथि।

सुरदा गांव के फुटबॉल मैदान में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कोयला एवं खान राज्य मंत्री ने कहा कि तांबे के मामले में



देश की आत्मनिर्भरता की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। इसे विभिन्न करों के रूप में 100 करोड़ रुपया से अधिक राजस्व की प्राप्ति होगी। यहां उत्पादन प्रारंभ होने से भारी संख्या में स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। भविष्य में सुरदा खान की क्षमता को 0.4 मिलियन टन से बढ़कर 0.9 मिलियन टन प्रतिवर्ष किया जाएगा।

कोयला एवं खान राज्य मंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा 6 जनवरी 2022 को 20 वर्षों के लिए सुरदा खदान की लीज की अनुमति प्रदान की गई थी परंतु कुछ तकनीकी खमियों के कारण उत्पादन प्रारंभ नहीं हो सका। कंपनी द्वारा उन सभी तकनीकी और वैधानिक कमियों को दूर कर लिया गया है। झारखंड सरकार के खनन एवं भूगर्भ विभाग द्वारा 6 सितंबर 2024 को 20 वर्ष की लीज विस्तार के लिए पत्र जारी किया गया। इसके साथ ही लीज डीड निष्पादित हो गया। लीज रजिस्टर्ड होने के साथ ही झारखंड की कैबिनेट ने हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के राखा एवं केंदाडीह खदान दोनों के लीज विस्तारीकरण का प्रस्ताव भी पारित कर दिया।